दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018


खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 16 | अंक 345 | सीकर, बुधवार 11 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश

### ओम बिरला का लोकसभा में ना जाने का फैसला

नई दिल्ली।



विपक्ष ने मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश कर दिया। इसमें 118 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। न्यूज एजेंसी द्धह्रस् ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ओम बिरला अब लोकसभा नहीं जाएंगे। अविश्वास प्रस्ताव के गिरने के बाद ही वह स्पीकर की चेयर संभालेंगे।

एजेंसी के मुताबिक विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में 9 मार्च को चर्चा हो सकती है। 13 फरवरी को बजट सत्र के वर्तमान सेशन का आखिरी दिन है। इसके बाद 8 मार्च से सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होगी।

इससे पहले बजट सत्र के 10वें दिन संसद दो बार स्थगित हुई। दोपहर 2 बजे से संसद की कार्यवाही शुरू हो सकी। शशि थरूर ने बजट पर चर्चा की शुरुआत की। राहुल का यह बयान पब्लिशिंग कंपनी पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के उस क्लैरिफिकेशन के बाद आया, जिसमें कहा गया कि नरवणे की किताब अभी तक पब्लिश नहीं हुई है। पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं। पेंगुइन कंपनी ने कहा- अब तक किताब की न तो कोई छपी हुई और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई है। हमारी तरफ से किताब का कोई भी हिस्सा कहीं भी सार्वजनिक नहीं किया गया है।

कंपनी की सफाई इसलिए आई, क्योंकि बुक की अनअथॉराइज्ड कॉपियों के लीक और ऑनलाइन सर्कुलेशन का दावा है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने स्नद्धक्र भी दर्ज की है।

दरअसल, राहुल गांधी पूर्व आर्मी चीफ की किताब लेकर लोकसभा पहुंचे थे। पूरा विपक्ष इस बात पर अड़ा है कि उन्हें सदन में बोलने दिया जाए।

#### स्वास्थ्य मंत्रालय बोला- आदिवासी इलाकों में 2.38 लाख सिकल सेल एनीमिया के मरीज

राज्यसभा में स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि 3 फरवरी तक देश भर के आदिवासी बहुल इलाकों में 6.83 करोड़ से ज्यादा लोगों की सिकल सेल एनीमिया के लिए स्क्रीनिंग की गई है। इनमें से लगभग 2.38 लाख लोग इस बीमारी से इन्फेक्टेड पाए गए, जबकि 19.32 लाख से ज्यादा लोगों की पहचान कैरियर के तौर पर हुई।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आज पेश करेगी राज्य बजट



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के राज्य बजट को अंतिम रूप दे दिया है। उपमुख्यमंत्री बुधवार को सुबह 11 बजे राजस्थान विधानसभा में बजट प्रस्तुत करेंगी। मंगलवार को उपमुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित बैठक में बजट के अंतिम बिंदुओं पर चर्चा कर उसे स्वीकृति दी गई। इस दौरान प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया, शासन सचिव वित्त व्यय टीना सोनी, शासन सचिव वित्त बजट राजन विशाल, शासन सचिव वित्त राजस्व कुमारपाल गौतम तथा निदेशक वित्त बजट बृजेश किशोर शर्मा उपस्थित रहे। राज्य के विकास, वित्तीय अनुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित इस बजट को लेकर राजनीतिक और आर्थिक हलकों में विशेष रुचि बनी हुई है।

## अजित पवार प्लेन क्रेश, भतीजे रोहित को साजिश की आशंका

### बोले- पायलट का रिकॉर्ड सवालों के घेरे में था, एक्सपर्ट एजेंसियों से जांच कराई जाए



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पिछले महीने विमान हादसे में उनके चाचा और महाराष्ट्र के डिप्टी ष्ट्रूअजित पवार की मौत में साजिश की आशंका है। उन्होंने इस मामले की एक्सपर्ट एजेंसियों से पूरी जांच की मांग की। एनसीपी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार पहले इस हादसे में साजिश की बात खारिज कर चुके हैं। उन्होंने इसे दुर्घटना बताया था। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, रोहित पवार ने कैप्टन सुमित कपूर के रिकॉर्ड पर सवाल उठाए, जो 28 जनवरी को हादसे वाले दिन अजित का विमान उड़ा रहे थे।

रोहित ने ये बातें कहीं-पायलट कैप्टन सुमित कपूर का रिकॉर्ड सवालों के घेरे में था। सुमित कपूर को पहले शराब पीने के कारण तीन साल के लिए सस्पेंड किया गया था।

सीआईडी के पास जांच की पूरा अधिकार नहीं है, इसलिए राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड, विमानन सुरक्षा विश्लेषण ब्यूरो, ब्रिटेन की हवाई दुर्घटना जांच शाखा और भारतीय एजेंसियों से जांच कराई जाए।

उन्होंने वीएसआर कंपनी पर भी आरोप लगाया कि इस कंपनी का विमानन महानिदेशालय के अधिकारियों पर प्रभाव है और कंपनी कुछ भी कर सकती है। 2023 में वीएसआर कंपनी के विमान की जांच रिपोर्ट जमा हो चुकी है, फिर भी उच्च पदस्थ नेताओं की ओर से कंपनी के विमानों का इस्तेमाल जारी है।

## सभी किसानों की पूरी फसलों को एमएसपी पर खरीदा जाए : ओला




संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने लोकसभा में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से किसानों की फसलों के एमएसपी पर खरीद का मामला लोकसभा में उठाया। सांसद ने कहा कि यह अत्यंत विडंबनापूर्ण है कि देश में ई-एनएएम प्लेटफॉर्म पर 200 से अधिक कृषि उत्पादों का व्यापार किया जा रहा है लेकिन खरीब और रबी की सभी फसलों में न्यूनतम समर्थन मूल्य आज भी मात्र 22 अधिसूचित फसलों तक सीमित है। इससे स्पष्ट है कि एमएसपी का लाभ आज भी कुछ चुनिंदा फसलों और सीमित किसानों तक ही सिमटा हुआ है जबकि अधिकांश किसान इससे बाहर हैं। सांसद ओला ने कहा कि राजस्थान जैसे राज्य सहित देश में जहाँ कृषि विविध फसलों पर आधारित है, वहाँ की कई प्रमुख एवं क्षेत्रीय फसलें आज भी एमएसपी के दायरे से बाहर हैं। इसके बावजूद सरकार न तो एमएसपी के विस्तार को लेकर कोई ठोस रोडमैप प्रस्तुत कर रही है और न ही कोई स्पष्ट समय-सीमा बता पा रही है। किसानों के लिए यह सरकार की नीयत और प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सांसद ने आगे कहा कि सरकार बार-बार यह दावा करती है कि एमएसपी के तहत हुई खरीद से राजस्थान सहित दौसा और झुंझुनू जैसे संसदीय क्षेत्रों के किसानों को लाभ पहुँचा है लेकिन सरकार ने यह नहीं बताया कि वास्तव में कुल किसानों में से कितने प्रतिशत किसानों को इसका वास्तविक लाभ मिला। न तो कोई पारदर्शी आंकड़े दिए गए हैं और न ही जमीनी सच्चाई सामने रखी गई है।

## रणवीर सिंह को जान से मारने की धमकी : वॉट्सएप वॉइस नोट भेजकर करोड़ों रुपए की फिरौती मांगी, मुंबई पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई

मुंबई।



बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को मंगलवार को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी वॉट्सएप पर भेजे गए एक वॉइस नोट के जरिए दी गई है, इसमें आरोपी ने करोड़ों रुपए की फिरौती की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक, धमकी मिलने के तुरंत बाद मुंबई पुलिस ने रणवीर सिंह के बांद्रा स्थित आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी है। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। यह घटना फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित घर के बाहर 31 जनवरी को पांच राउंड फायरिंग की घटना के बाद आया है, इससे मुंबई पुलिस मामले में ज्यादा सजग है।

#### बड़ी रकम नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे वॉइस नोट में आरोपी ने खुद को गंभीर अपराध से जुड़ा बताया है और बड़ी रकम नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। पुलिस ने वॉइस नोट को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। मुंबई पुलिस की साइबर सेल और क्राइम ब्रांच मिलकर वॉट्सएप नंबर और वॉइस सैंपल के जरिए आरोपी की लोकेशन ट्रेस करने में जुटी है। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि धमकी देने वाला व्यक्ति किसी आपराधिक गिरोह से जुड़ा हो सकता है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या रणवीर सिंह को मिली धमकी का कोई सीधा संबंध रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग की घटना से है या यह डर फैलाने की साजिश है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने गोविंददेव जी परिसर से विशाल कलश यात्रा का किया शुभारंभ

### संत-महात्माओं का सनातन संस्कृति को मजबूत करने में अद्वितीय योगदान

### युवा पीढ़ी संतों की शिक्षा को करें आत्मसात, भारत की गौरवशाली परंपरा को बढ़ाएं आगे - मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर।



मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर के आराध्य श्री गोविंददेव जी मंदिर परिसर स्थित जय निवास उद्यान से विधिवत पूजा-अर्चना कर विशाल कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत-महात्मा राष्ट्र को सही दिशा देकर सनातन संस्कृति को मजबूत कर रहे हैं तथा इनके विचार मानवता, सेवा एवं सद्भावना का संदेश देते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि संतों की शिक्षाओं और आदर्शों को आत्मसात करें तथा भारत की गौरवाशाली परम्परा को आगे बढ़ाने में योगदान दें।

श्री शर्मा ने कहा कि बाबा बालनाथ ने भारतीय धर्म एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने में अद्वितीय योगदान दिया। इसी परंपरा का बाबा बस्तीनाथ जी महाराज भी अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की अवधारणा पर आधारित है, जो सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का संदेश देती है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री बस्तीनाथ महाराज को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री शर्मा ने महाराज जी के आशीर्वचन भी सुनें। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इससे पहले श्री शर्मा ने गोविंददेव जी मंदिर में दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। उन्होंने मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने भगवान गोविंददेव जी के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर विधायक श्री देवी सिंह शेखावत सहित गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## परिवार के 5 लोगों की लाश मिली

**मथुरा।** मथुरा में एक ही कमरे से एक परिवार के 5 लोगों की लाशें मिलीं। मृतकों में पति, पत्नी और 3 बच्चे शामिल हैं। कमरे में बेड पर मां, एक बेटी-बेटा मिले। दूसरी बेटी चारपाई पर पड़ी थी, जबकि पति का शव फर्श पर मिला। पुलिस के अनुसार, पति ने पहले पत्नी की हत्या की, फिर बच्चों की जान ली। बाद में खुद करंट लगाकर आत्महत्या कर ली। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि घटना का पता उस समय चला, जब सुबह बच्चे दिखाई नहीं दिए। इस पर पड़ोस में रहने वाले मनीष के भाई जयकिशन मौके पर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद होने की वजह से जयकिशन मेन गेट फांदकर अंदर गए। फिर कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर सभी मृत पड़े मिले। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

## मौसम : बाड़मेर, जैसलमेर समेत 8 शहरों में पारा 30 डिग्री के पार

जयपुर।

राजस्थान में अब दिन गर्म होने लगे हैं। यहां तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री तक ऊपर दर्ज हो रहा है। दिन में तेज धूप रहने से लोगों को हल्की गर्मी का एहसास हो रहा है। बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर समेत 8 शहरों में सोमवार को अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

वहीं, कुछ शहरों में रात में भी सर्दी अब धीरे-धीरे कम होने लगी है। जैसलमेर, फलोदी और बीकानेर में न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने राज्य में अगले 3-4 दिनों तक मौसम साफ रहने और तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होने का अनुमान जताया है। पिछले 24 घंटों के मौसम की बात करें तो उत्तरी जिलों को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली रही। बीकानेर, गंगानगर और हनुमानगढ़ के इलाकों में सुबह से दोपहर तक हल्के बादल छाए रहे, लेकिन शाम होते-होते यहां भी आसमान साफ हो गया। सोमवार को दिन में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज किया गया। बाड़मेर के अलावा जैसलमेर, जोधपुर और बीकानेर में 30.6-30.6, फलोदी और जवाई (पाली) में 30.2, डूंगरपुर में 30.1, जालौर में 30 और चित्तौड़गढ़ में 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन सभी शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री ऊपर रहा।

इन शहरों के अलावा भीलवाड़ा में अधिकतम तापमान 29.3, जयपुर में 27, अजमेर में 28.4, पिलानी में 26.9, सीकर में 27.4, उदयपुर में 29.5, कोटा में 27.9, चूरू में 29.8, गंगानगर में 26.3 और नागौर में 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन सभी शहरों में भी अधिकतम तापमान औसत से 2 डिग्री ऊपर दर्ज हुआ।


#### रात में कम होने लगी सर्दी

दिन में तापमान चढ़ने के साथ अब रात में भी तापमान बढ़ने लगा है। इस कारण कुछ शहरों में अब लोगों को रात की तेज सर्दी से थोड़ी राहत मिलनी शुरू हो गई। डूंगरपुर में न्यूनतम तापमान 14.9, बीकानेर में 15.3, जैसलमेर में 14.6, जयपुर में 13.7, प्रतापगढ़ में 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## तेज रफ्तार नेक्सोन गाड़ी ने टोल कर्मचारियों को कुचला

### एक की मौत

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** सोमवार देर रात रघुनाथपुरा टोल पर एक गाड़ी चालक ने टोल कर्मचारियों को कुचल दिया। घटना सोमवार देर रात करीब एक बजे की है टोल कर्मचारी टोल बूथ पर अलाव जलाकर तप रहे थे। तभी सूरजगढ़ की तरफ से एक नेक्सोन गाड़ी आई जिसके चालक ने गाड़ी को उसी लाईन पर डाल दी जहां टोल कर्मचारी अलाव तप रहे थे। गाड़ी अनियंत्रित होकर अलाव तप रहे टोलकर्मियों को कुचलते हुए सामने खड़ी कैंपर में घुस गई। हादसे में उम्मेद पुत्र शीशराम मेघवाल, पवन राजपूत निवासी श्यालु कलां, देवेन्द्र निवासी गाडोली व दो अन्य घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर सूरजगढ़ पुलिस व जीवन ज्योति रक्षा समिति के सदस्य मौके पर पहुंचे व घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने टोलकर्मी उम्मेद पुत्र शीशराम मेघवाल उम्र 32 वर्ष को मृत घोषित कर दिया व अन्य घायलों को चिड़ावा रैफर कर दिया। घटना के बाद नेक्सोन गाड़ी का चालक मौके से फरार हो गया।

#### गुस्साए ग्रामीणों ने किया हाईवे जाम

मंगलवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही श्यालु, रघुनाथपुरा सहित आस-पास के गांवों के सैंकड़ों महिला पुरूष टोल बूथ पर एकत्रित हो गए व सीकर-लोहारू हाइवे को जाम कर दिया। जाम लगने से सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाईन लग गई। ग्रामीणों की मांग थी की मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाया जाये। जाम के कारण घंटों तक वाहन चालकों व सवारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

घटना के जब ग्रामीणों ने जाम लगाया तो मौके पर सूरजगढ़ ट्रेनी सीआई दौलत राम, चिड़ावा डिप्टी विकास धींधवाल, चिड़ावा सीआई आसाराम गुर्जर, पिलानी सीआई चन्द्रभान व सूरजगढ़ एसडीएम दीपक चंदन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाईस की कोशिश की। करीब छह घंटे बाद पुलिस प्रशासन की समझाईस व ग्रामीणों की मांगों पर सहमति बनने के बाद हाइवे खुलवाया गया।


|| शोक-सन्देश ||



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीया **श्रीमती भगवती देवी शर्मा** का हृदयघात होने से दिनांक 07.02.2026 को आकस्मिक निधन हो गया है।
जिनकी नियमित शोक सभा बैठक हमारे निवास स्थान **"दाता निवास"** मण्डावा में दिनांक 17.02.2026 तक रहेगी।

शोकाकुल :- श्री राम शर्मा (पति), डॉ. राधारमण शर्मा-सुमन शर्मा (पुत्र-पुत्रवधू), डॉ. शुभम शर्मा-डॉ. सुप्रिया शर्मा (पौत्र-पौत्रवधू), कार्तिकेय (पड़ पौत्र), मंजु, अनिल जी-, दीक्षित (पुत्री-पुत्रीदामाद), हिमांशी-राहुल जी, शुभांशी-आशीष जी (पौत्री-पौत्रीदामाद) एवं समस्त ढण्ढ परिवार, मो.- 9414541751

# सर्व समाज ने मनाई राजेश पायलट की पुण्यतिथि



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के दुधवा में मंगलवार को राजेश पायलट की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधान मनीषा गुर्जर थी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने पायलट प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर व श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान मनीषा गुर्जर ने कहा कि राजेश पायलट किसानों के मसीहा थे। उन्होंने किसानों के लिए संसद व सदन के बाहर भी आवाज उठाई थी। किसानों के लिए जो सुविधाएं आज मिल रही है, वह उन्हीं की देन थी। उनकी कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं होता था। उन्होंने जो कहा वह करके दिखाया है। किसान नेता राजेश पायलट ने किसानों की दशा को देखते हुए खेती में नए अवचार करने को लेकर महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध करवाने को लेकर प्रयास किए थे। खेती में नई तकनीकी आधारित कार्य होने में राजेश पायलट ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पायलट ने भारतीय वायुसेना में रहते हुए देश के लिए भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दी थी। वहीं 1971 के युद्ध में भाग लेकर अदम्य साहस व कौशल का परिचय दिया था। इसके बाद वे राजनीति में आकर दौसा लोकसभा से पांच बार सांसद चुने गए और जनता की भावनाओं को अनुरूप काम करके लोगों के दिलों में रहते थे। देश की महत्वपूर्ण हस्तियों में गिने जाने वाले राजेश पायलट की एक सड़क हादसे में मौत के बाद पूरे प्रदेश में शोक की लहर सी छा गई थी लेकिन जनता आज भी उनकी पुण्यतिथि को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई जा रही हैं। समाज के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले महान हस्तियों के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर राजेश पायलट को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर नेतराम, कृष्ण कुमार, सुनील कुमार, राजपाल, सुरेंद्र, राधेश्याम, संतोष कुमार, नरेश कुमार, अजय कुमार, विजेश, अमित कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# स्कूटी योजना की लाभार्थी बालिकाएं सम्मानित

निसं




**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के बीलवा की राजकीय स्कूल में मंगलवार को स्कूटी योजना से लाभान्वित बालिकाओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुबेदार मेजर गंगाराम अडाना थे जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य चरण सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूटी योजना से लाभान्वित पांच बालिकाओं राखी शर्मा, पूजा कुमारी, निशा कुमारी, मनीषा एवं आशा कुमारी को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मान बालिकाओं की मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है जो अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सूबेदार मेजर गंगाराम अडाना ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया। प्रधानाचार्य डॉक्टर चरण सिंह शेरावत ने बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों, समय प्रबंधन तथा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए उपयोगी टिप्स की जानकारी दी और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी अवसर पर कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया जिसमें कनिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में हिम्मत सिंह, प्रदीप कुमार, सतीश कुमार, श्रवण कुमार, सोहनलाल, भीम सिंह, दिनेश कुमार एवं बुधराम सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक राजेश कुमार ने किया।

# तीन दिवसीय स्पोर्ट्स इवेंट का शुभारम्भ

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय के बाकरा रोड स्थित स्टार एकेडमी स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि झुंझुनू नागरिक मंच के संयोजक एवं समाजसेवी उमाशंकर महमिया, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, समाजसेवी राम गोपाल महमिया थे। एकेडमिक डायरेक्टर मोनिका निर्माण ने बताया कि इस आयोजन में स्टूडेंट्स ने उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए भांति-भांति के पिरामिड बनाए, मार्च पास्ट किया। तीन दिन तक चलने वाले इस आयोजन में एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो और रेस आदि का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मोनिका निर्वाण द्वारा बच्चों को खेल के महत्व के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारीयों ने अतिथियों का अभिनन्दन और स्वागत किया।

इस अवसर पर एकेडमी एडमिनिस्ट्रेटर विकास भालोठिया, कैप्टन मूलचंद झाझड़िया, संजय जांगिड़, हरिशचन्द्र कालोईया, मुकेश कुमार, श्वेता शर्मा, विजय भालोठिया, मुकेश तानेनिया, मुनेश कुमार, प्रतिभा शर्मा, विक्रम सिंह, पूनम तंवर, दिव्या गुरह, जितेंद्र स्वामी, महेंद्र सिंह सिहाग, संजय गरवा, नवनीत जांगिड़, कविता पूनिया, कर्म सिंह, जगदीश प्रसाद, सोमेंद्र सिंह राठौड़, रेणु कुमारी सोनी, कपिल जांगिड़, अरुण कुमार, पवन कुमार चिरानिया, प्रीतम रजाक, योगेश, नवीन सैनी, महिमा शर्मा, सोहन सिंह, सैनीगल, पपीता कुल्हरी, ज्योति सैनी, दीपिका कुमारी, सीमा कंवर, अनिता कुमारी, कृष्णा धाकड़, सुमन कुमारी देवना, नेहा शर्मा, मनीषा बलौदा, रिंकू चौधरी, पिंकी जांगिड़, सविता सैनी, ज्योति, रिशु, सूरज, प्रहलाद सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार पूनिया ने किया।



# बचपन में मैथ्स माइंड स्पार्क क्विज आयोजित

निसं




**लाडनूं ( नवयत्न )।** बचपन स्कूल में मैथ्स माइंड स्पार्क क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 वीं, 7 वीं एवं 8 वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता को चार रोचक राउंड में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की गणितीय समझ, त्वरित गणना क्षमता एवं तार्किक सोच की परीक्षा ली गई। प्रतियोगिता में चार टीमों नंबर निंजाज़, मैथो मैनिएक्स, एंगल एवेंजर्स एवं लॉजिक लायंस ने भाग लिया।

प्रतियोगिता परिणामों में निंजाज़ टीम ने 79 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं लॉजिक लायंस टीम 63 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। ऐंगल एवेंजर्स टीम ने 38 अंक जबकि मैथो मैनिएक्स टीम ने 22 अंक प्राप्त किए। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या हर्षिता जैन ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना की।

# जंगली जानवर का आतंक

## बाड़े में बंधी बकरियों का किया शिकार



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे में इन दिनों जंगली जानवर का आतंक बना हुआ है। देर रात को भी जंगली जानवर अजीत अस्पताल के पीछे वार्ड 16 में बाड़े में बंधी बकरी का शिकार कर लिया। आए दिन होने वाली घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार वार्ड 16 निवासी ईश्वर लाल सैनी ने अपने मकान के पास बने बाड़े में बकरी बांध रखी थी। किसी जंगली जानवर ने रात बाड़े में घुसकर बकरी का शिकार कर लिया। रात करीब 11 बजे बकरियों की तेज आवाजें आई तो उसे जाग हो गई। उसने हल्ला किया तो जंगली जानवर वहां से भाग गया। आवाज सुनकर ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और रातभर पहरा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली जानवर आए दिन किसानों के मवेशियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रशासन से जंगली जानवरों को आबादी में आने से रोकने और पीड़ित किसान को मुआवजा देने की मांग की गई है। घटना की सूचना पर खेतड़ी सीआई मोहन लाल, पशु चिकित्सक अशोक जांगिड़, वन विभाग की टीम और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इस दौरान वन विभाग के कर्मचारियों ने मौके से पगमार्क उठाए। इस मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गोकुल चंद सैनी, कुरड़ाराम सैनी, रामचंद्र सैनी, सुभाष सैनी, त्रिवेणी सैनी, जितेंद्र शर्मा, भगवाना राम सैनी, बनवारी लाल सैनी, मोहन लाल शर्मा, सुधीर कुमावत, बालूराम कुमावत आदि मौजूद रहे।

# उत्तर पश्चिम रेलवे के डीआरएम ने किया निरीक्षण



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** खाटूश्यामजी मेले को लेकर उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के डीआरएम रवि जैन ने रींगस जंक्शन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को लेकर अधिकारियों की बैठक आयोजित की। रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए डीआरएम रवि जैन ने मेले के पूर्व अधुरे कार्य को पुरा करने तथा रूके कार्य को मेले के बाद शुरू करवाने का आदेश दिया। इस दौरान जंक्शन तथा रेलवे परिधी में निर्माण सामग्री तथा अन्य को हटा लेने का निर्देश दिया। रवि जैन ने फुट ऑवर ब्रिज, अण्डर पास, शेल्टर होम के फर्श को जल्द पुरा करने तथा यात्रियों को लिए छायादार टेंट लगाने का निर्देश दिया। स्टेशन की सड़क पर सफाई, पानी का बहाव रोकने तथा यात्रियों के लिए बैठने की प्रर्याप्त व्यवस्था करने के भी निर्देश जारी किये। डीआरएम ने बताया कि यात्रियों के भार को देखते हुए किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। डीआरएम रवि जैन ने स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त रखने, भीड़ को कंट्रोल करने तथा मेले के दौरान पुरे स्टेशन पर कैमरों की पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान पूरा क्षेत्र प्रत्येक यात्री कैमरे की जद में होना चाहिए इसके लिए अलग से कैमरे लगाने पड़े तो तुरन्त प्रभाव के साथ अतिरिक्त कैमरे लगाये जाये। मेले के दौरान रेलवे अतिरिक्त टिकिट काउंटर एटीजीएस मशीन, सहायक कर्मचारियों को लगाया जायेगा ताकि सभी की जिम्मेदारियां सुनिश्ति की जा सकें। कई स्थानों पर तुरंत प्रभाव से बैरिकेटिंग के सख्त आदेश दिये। इस दौरान एडीआरएम गौरव गौड़, सीनियर डीओएम अजित कुमार मीणा, डीसीएम डॉ जगदीश, सुरक्षा आयुक्त ओंकार सिंह, सीएमआई मोहन सिंह मीणा, स्टेशन अधिक्षक बीएल बाजिया सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# सौर ऊर्जा कम्पनी की अनियमितताओं को किया उजागर



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला चूरू के उपाध्यक्ष मदन जाखड़ ने सौर ऊर्जा कम्पनी की अनियमितताओं को उजागर करते हुए किसान सभा के पदाधिकारियों ओमप्रकाश तालनिया एवं मनीष जाखड़ ने उपखंड अधिकारी को मौके पर बुलाकर सुधार करवाया। रतनगढ़ उपखंड अधिकारी के निर्देशन में कंपनी, किसान सभा एवं किसानों के बीच बैठक हुई। बैठक में कंपनी ने अपनी त्रुटियां स्वीकार कर नियमानुसार संपूर्ण मुआवजा आगामी 10 दिनों में किसानों के खातों में जमा करने पर सहमति दी। इससे पूर्व गोरीसर में किसानों की बैठक में दिए गए आश्वासन को अमल में लाकर उपखंड अधिकारी ने किसान हितैषी प्रशासनिक उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसके लिए किसान सभा एवं किसानों ने उनका आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि बीकानेर से निमराना जाने वाली सौर ऊर्जा ट्रांसमिशन लाइन से प्रभावित किसानों को भूमि, फसल व अन्य नुकसानों के बदले दिए जा रहे मुआवजे में अनियमितताओं के मामले को लेकर उपखंड अधिकारी से मिलकर जानकारी दी। कंपनी द्वारा भूमि मापन, फसल मूल्यांकन, पेड़ों की गिनती एवं कॉरिडोर नाप में गड़बड़ी कर किसानों को नियमानुसार कम भुगतान किया जा रहा था। गोरीसर क्षेत्र के किसान कानाराम अत्यधिक दबाव में आकर सौर ऊर्जा पोल पर चढ़ गए, जिन्हें प्रशासन की तत्परता से सुरक्षित उतारकर न्याय का आश्वासन दिया गया।

**कार्यालय नगर पालिका पलसाना (सीकर) राज0**

क्रमांक :न.पा.प / 2025–2026 / 1073 दिनांक:–06.02.2026

**बोली आमंत्राण सूचना**

नगरपालिका पलसाना की ओर से नगरपालिका क्षेत्र में कार्य करवाये जाने हेतु उपयुक्त श्रैणी में विभिन्न राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से बोली आंमत्रित की जाती है। बोली की विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in पर www.gem.gov.in पर देखी जा सकती है। यूबीएन कमांक द्वारा देखी जा सकती है :–
**(DLB2526GSOB33405), (DLB2526GSOB33408)**
राज.संवाद / सी / 25 / 19490 अधिशाषी अधिकारी

# खाद्य सुरक्षा टीम की करवाया 300 किलो मिलावटी पनीर नष्ट

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ टीण् शुभमंगला के निर्देश पर सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की खाद्य सुरक्षा टीम ने झालाना डूंगरी क्षेत्र में 300 किलो मिलावटी पनीर जब्त कर मौके पर ही नष्ट करवाया। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ मनीष मित्तल ने बताया कि मिलावटी पनीर की बिक्री की सूचना पर टीम ने शर्मा पनीर भंडार पर छापा मारा। जांच के दौरान दुकान पर पिकअप वाहन से उतारा गया पनीर संदिग्ध पाया गया। पूछताछ में दुकान मालिक नमोनारायण स्वामी ने बताया कि उसने यह पनीर 200 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदा था। दुकान मालिक ने स्वीकार किया कि शादियों के सीजन में सस्ते पनीर की अधिक मांग रहती है, जिसे पूरा करने के लिए दूध पाउडर और सोयाबीन तेल से तैयार मिलावटी पनीर की सप्लाई की जाती है। खाद्य सुरक्षा टीम ने मौके से पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे तथा शेष 300 किलो मिलावटी पनीर को नष्ट करवाया। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि त्योहारी और विवाह सीजन में पनीर की बढ़ती मांग को देखते हुए मिलावट की आशंका भी बढ़ जाती है। ऐसे में उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार जिले में औचक निरीक्षण और सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश यादव और राजेश नागर शामिल रहे।

# पूजा के घी के नाम पर मिलावट का खेल बेनकाब

## 3 हजार 127 किलो घी जैसी खुशबू वाला वनस्पति जब्त



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पूजा के घी के नाम पर मिलावट का बड़ा खेल उजागर किया है। सरना डूंगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैसर्स अष्ट विनायक फूड प्रोडक्ट्स पर छापेमारी कर 3127 किलोग्राम घी जैसी खुशबू वाला मिलावटी वनस्पति जब्त किया गया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान डॉ टीण् शुभमंगला के निर्देशानुसार तथा अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा डॉ रवि शेखावत के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ रवि शेखावत के निर्देशन में गठित केंद्रीय दल और खाद्य सुरक्षा अधिकारी जयपुर प्रथम की टीम ने फैक्ट्री पर निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि स्कूटर ब्रांड की वनस्पति और रिफाइंड ऑयल को गर्म कर उसमें घी का फ्लेवर मिलाया जा रहा था। इसे कार्रवाई से बचने के उद्देश्य से वनस्पति के नाम पर ही देव कृष्णा ब्रांड और प्लेन टिन में पैक कर सस्ते दामों पर बेचा जा रहा था। यह उत्पाद आमजन को घी के रूप में भ्रमित कर बेचा जा रहा था। मौके से वनस्पति, बटर फ्लेवर युक्त मिलावटी वनस्पति तथा पैक्ड देव कृष्णा ब्रांड के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। जब्त की गई पूरी खेप को सीज कर दिया गया है। फर्म मालिक रामलाल जाट ने स्वीकार किया कि उक्त उत्पाद का उपयोग मुख्यत: ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू उपयोग एवं पूजा-पाठ के लिए किया जा रहा था। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने आमजन से अपील की है कि सस्ते, संदिग्ध अथवा बिना मानक वाले खाद्य पदार्थों से बचें और मिलावट की जानकारी विभाग को दें।

# साइबर काइम से बचने के बच्चों को बताए उपाय




**रींगस ( नवयत्न )।** रींगस पुलिस ने एनएच 52 पर बावड़ी के पास स्थित गुरुकृपा पब्लिक स्कूल में बच्चों को साइबर अपराध से बचने तथा साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी। थाना प्रभारी सुरेश कुसार देवन्दा ने बताया कि अब डिजीटल क्रांति का युग है इसके साथ ही साइबर अपराध भी दिनों दिन बढ़ रहे है। डिजीटल अरेस्ट साइबर फ्रोड, ऑनलाईन गैमिंग वाट्सअप अपराध सहित अनेक अपराधों की जानकारी देते हुए उससे बचने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि बच्चे अनजान कॉल को रिसीव नहीं करे। ऑनलाईन गैमिंग से भी बचे। परिजनों को यूपीआई तथा अन्य डिजीटल एप का इस्तेमाल करते समय विशेष सतर्कता बरते। थाना प्रभारी सुरेश कुमार देवन्दा ने साईबर अपराधों के बचने के गुर सिखये। इस दौरान आसूचना अधिकारी विजय कुमार मीणा, कमलेश कुमार सहित अनेक एक्सपर्ट पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# घटिया निर्माण की खुली पोल

## दो माह में ही टूटे नाली के फेरो कवर

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर में क्रासिंग नालों पर लगे फेरों कवर आये दिन टूटते नजर आ रहे हैं जिससे उनकी गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। स्थानीय वार्ड नंबर 28 में नगर पालिका के विकास दावों की हवा निकल गई है। यहां करीब दो माह पूर्व नाली निर्माण में लगाए गए फेरो कवर टूटने और धंसने लगे हैं। घटिया निर्माण सामग्री के कारण यह रास्ता अब एक्सीडेंट जोन बन चुका है। वार्ड के निवासी बजरंग प्रजापत ने बताया कि आए दिन दुपहिया वाहन चालक यहां गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद विभाग मौन है। वहीं वार्ड संख्या 17 में मजिस्ट्रेट क्वार्टर के पास, पुलिया संख्या 04, गंगाराम हॉस्पिटल सहित कई क्रासिंग नालों पर आये दिन फैरो कवर टूट रहे, प्रशासन हर दो-चार महिनों बाद बदलती रहती है।

## विराट हिंदू धर्म सम्मेलन आज

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** कस्बे के ऐतिहासिक पोलो ग्राउंड खेल मैदान में बुधवार को विराट हिंदू धर्म सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए अशोक सिंह शेखावत ने बताया कि पूरे देश में सवा लाख हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी निमित्त खेतड़ी में बुधवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। सम्मेलन में सूर्य मंदिर लोहार्गल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज व रामकृष्ण मिशन के प्रशांतानंद महाराज सहित क्षेत्र के संतों के सानिध्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कस्बे के ग्यारह स्थानों से कलश यात्रा निकालेगी तथा लोक कल्याण व विश्व शांति की कामनार्थ 51 कुण्डीय श्रीराम समरसता महायज्ञ होगा। इसके बाद समाज में अपेक्षित पंच परिवर्तन आधारित संस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां और प्रखर राष्ट्रवादी वक्ता बाबूलाल का मुख्य उद्बोधन और माँ सीता रसोई भंडारा द्वारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। विराट हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए मंगलवार देर शाम को गाजे बाजे के साथ दो पहिया वाहन रैली निकाली जो पोलो ग्राउंड से प्रारम्भ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस पोलो ग्राउंड पहुंच कर संपन्न हुई जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम को लेकर उत्साहित कस्बे वासियों ने झण्डियों-पताकाऔ और बंदनवार से कस्बे के चप्पे चप्पे को दुल्हन की तरह सजा दिया है जिससे पूरा कस्बा भगवामय हो गया।

## हिन्दू सम्मेलन आज

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे में खेमका पार्क के पास पण्डितपुर रामलीला मैदान में बुधवार को सुबह साढ़े 10 बजे हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु वीर सावरकर बस्ती के सर्व हिन्दू समाज द्वारा सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। आयोजित कार्यक्रम में सैंकड़ों महिलाएं एवं पुरुष भाग लेंगे। उक्त जानकारी भाजपा नेता अरविन्द इंदौरिया ने देते हुए बताया की कार्यक्रम में संत सानिध्य सीताराम महाराज फलाहारी बाबा का रहेगा एवं मुख्य वक्ता के रूप में शंकरलाल अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपने ओजस्वी उद्बोधन से सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत पण्डितपुर गोगामेडी रामेश्वरम शिवालय परिसर से महिलाएं मंगल कलश लेकर मंगल गीत गाती हुई गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगी।

## वार्षिक उत्सव आज

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** चिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर तथा दुर्गाप्रसाद धानुका बालिका आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिक उत्सव आज दोपहर 1:30 बजे ऋषिकुल रोड वाले भवन में होगा। आयोजित उत्सव में संत सानिध्य योगी निवृतिनाथ कृष्णा महाराज प्रणवाश्रम गनेड़ी सीकर, मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, मुख्य वक्ता गोविन्द कुमार संगठन मंत्री विद्या भारती राजस्थान क्षेत्र तथा अध्यक्ष रामगोपाल धानुका चेयरमैन एमेरिटस व धानुका ग्रुप, नई दिल्ली, विशिष्ट अतिथि मदनलाल प्रजापत अध्यक्ष आदर्श शिक्षण संस्थान चूरु तथा स्वागताध्यक्ष महेन्द्र कुमार धानुका चेयरमैन धानुका ग्रुप नई दिल्लीद्ध होगें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ-साथ खेलकूद तथा शैक्षणिक गतिविधियों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया जायेगा।

## 7.42 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस की ओर से नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत दौलतपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7 ग्राम 42 मिलीग्राम स्मैक बरामद की है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि जयपुर शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत दौलतपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गश्त और निगरानी के दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर अखैपुरा क्षेत्र में दबिश दी। वहां संदिग्ध अवस्था में मिले दामोदर प्रसाद को रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से 7 ग्राम 42 मिलीग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। थानाधिकारी सुनील कुमार गोदारा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दामोदर प्रसाद मूल रूप से जयपुर ग्रामीण जिले के कालाडेरा के देवपुरा टाकरडा का निवासी है जो वर्तमान में दौलतपुरा के अखैपुरा स्थित सालासर विहार में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपी से कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि वह यह स्मैक कहां से लाया था और इलाके में किन-किन लोगों को इसकी सप्लाई करने वाला था। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अन्य बड़े नामों का खुलासा हो सकता है। इस कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी सुनील कुमार गोदारा के साथ उप-निरीक्षक प्रभुराम, हेड कांस्टेबल किशन लाल, महिला कांस्टेबल गीता और कांस्टेबल जगदीश, महेश, कैलाश चंद्र व जितेंद्र शामिल थे।

## देशी पिस्टल सहित शातिर बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जिला स्पेशल टीम जयपुर पश्चिम एवं पुलिस थाना सिंधी कैम्प की संयुक्त टीम ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक शातिर बदमाश को देशी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि डीएसटी पश्चिम एवं पुलिस थाना सिंधी कैम्प की संयुक्त टीम ने अवैध हथियार सहित अक्षय राव निवासी जमना नगर विस्तार सोडाला जयपुर हाल वाहन पार्किंग बस स्टैण्ड सिंधी कैम्प जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से एक देशी पिस्टल बरामद की है। पुलिस आरोपित से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल कोमल सिंह डीएसटी एवं कांस्टेबल श्रवण कुमार की विशेष भूमिका रही।

## कावड़ लाने श्रद्धालु खोले के हनुमानजी से पुष्कर रवाना

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री नरवर आश्रम सेवा समिति श्री खोले के हनुमानजी की 42वीं पुष्कर कावड़ पदयात्रा मंदिर से मंगलवार को रवाना हुई। सभी कावड़ियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। शाम को कावड़ यात्रा पुष्कर पहुंची। श्रीराम आश्रम पुष्कर में भक्ति संगीत एवं भोजन प्रसादी के उपरान्त रात्रि में विश्राम किया। हनुमान रथ और राम रथ के साथ कावड़ पदयात्रा बुधवार को सुबह दस बजे गऊघाट पर पूजन के बाद कलश में जलापूर्ति कर रवाना होगी। विभिन्न स्थानों पर रात्रि विश्राम करते हुए कावड़ पदयात्रा 14 फरवरी को सुबह जयपुर प्रवेश करेगी। गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा के रूप में विभिन्न मार्गों से होते हुए रात्रि आठ बजे खोले के हनुमानजी मंदिर पहुंचेगी। वेद मंत्रोच्चार के साथ कावड़ जल से महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा।

# दो दिवसीय राज्य स्तरीय इंटीग्रेटिव कैंसर केयर कॉफ्रेंस आयोजित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जवाहर कला केंद्र में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय इंटीग्रेटिव कैंसर केयर कॉफ्रेंस का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह सम्मेलन संजीवनी लाइफ बियॉन्ड कैंसर संस्था द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें कैंसर की रोकथाम, समग्र उपचार एवं पुनर्वास के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। संस्था की संस्थापक रूबी अहलूवालिया ने बताया कि आयोजित पैनल चर्चा में सवाई मानसिंह चिकित्सालय से मेडिकल ऑन्कोलॉजी से डॉ मुकेश रूलानिया, डॉ दीपक मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, अपेक्स हॉस्पिटल से डॉ अदिति मित्तल, नारायण हॉस्पिटल से डॉ निधि पाटनी, महात्मा गांधी हॉस्पिटल व मेडिकल कॉलेज से डॉ ललित मोहन और डॉ शाहिद सिद्दीकी, बॉम्बे हॉस्पिटल से डॉक्टर आनंद मोहन, मणिपाल हॉस्पिटल से डॉक्टर अभिलाषा मान, एचसीजी हॉस्पिटल से जितेंद्र पहलजानी तथा डॉ प्रकाश गिरी, भूतपूर्व प्रिंसिपल, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के डॉ सुधीर भंडारी ने भाग लिया। पैनल के साथ-साथ सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग से सीनियर नर्सिंग ऑफिसर एवं इंचार्ज हेमराज गुप्ता, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर ताराचंद जांगिड़, रिटायर्ड सीनियर नर्सिंग ऑफिसर अशोक गुप्ता, निक्की खत्री, दीपा मेहता, मीरा भार्गव, रमेश गुप्ता एवं सीए भारत राजावत का भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा। ऑन्कोलॉजी इंचार्ज हेमराज गुप्ता ने बताया कि इस सम्मेलन के अंतर्गत लगभग 300 कैंसर मरीजों का पंजीकरण किया गया, जिसका कार्य अर्चिता वर्मा द्वारा किया गया। इस प्रक्रिया में मैडम इंदिरा का भी विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के आयोजन हेतु विभिन्न भामाशाहों द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया। सम्मेलन से पूर्व 3 घंटे की एक विशेष चर्चा विधानसभा स्थित कॉन्स्टिट्यूशन हॉल में आयोजित की गई, जिसमें समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं कैंसर रोगियों के प्रति समर्पित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस चर्चा का संचालन भी संस्थापक रूबी अहलूवालिया द्वारा किया गया। जयपुर में इस कार्यक्रम का समन्वय एवं आयोजन अर्चिता वर्मा द्वारा संजीवनी लाइफ बियॉन्ड कैंसर की टीम के सहयोग से किया गया। साथ में ऑकोलॉजी एवं सवाई मानसिंह चिकित्सालय के विभिन्न नर्सिंग स्टाफ जिनमें नर्सिंग ऑफिसर मोनी कुमारी सुगंधा मल्होत्रा, सुशील मल्होत्रा, महेंद्रपुरी नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय से कार्य नर्सिंग अधीक्षक खेमचंद भंडारी, का. नर्सिंग अधीक्षक नंदलाल नारोलिया, कार्य. नर्सिंग अधीक्षक महेंद्र सिंह तथा महात्मा गांधी हॉस्पिटल से बहुत सारे स्टाफने भाग लिया। सम्मेलन में यह विचार साझा किए गए कि किस प्रकार कैंसर रोगियों को एक ही छत के नीचे समग्र सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम के दौरान जवाहर कला केंद्र में निशा पुरोहित द्वारा आयोजित डांस मूवमेंट थैरेपी सत्र के माध्यम से कैंसर मरीजों एवं सहभागियों में नई ऊर्जा एवं सकारात्मकता का संचार किया गया। संस्थापक रूबी अहलूवालिया ने बताया कि इस सम्मेलन में रोगियों को समग्र एवं कम्प्रीहेंसिव सहयोग उपलब्ध कराने, समय पर उपचार एवं देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। हेमराज गुप्ता एवं ताराचंद जांगिड़ के सहयोग से कैंसर मरीजों को इंटीग्रेटेड आधुनिक वेलनेस केयर उपलब्ध कराने तथा विभिन्न कैंसर विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने का यह महत्वपूर्ण प्रयास किया गया। राजस्थान में यह पहली बार इस प्रकार का आयोजन हुआ। जिसमें कैंसर सर्वाइवर, चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, समाजसेवी, भामाशाह, काउंसलर, एनजीओ प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सम्मेलन में कैंसर अवेयरनेस के साथ-साथ बीमारी को समझने, विभिन्न थैरेपी विकल्पों, आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों तथा मरीजों को भावनात्मक संबल प्रदान करने के महत्व पर विशेष रूप से जोर दिया गया। मंच संचालन की जिम्मेवारी संजीवनी कैंसर से जयपुर की कोऑर्डिनेटर अर्चिता वर्मा ने निभाई और सभी उपस्थित सदस्यों ने अर्चित को इस कार्यक्रम के लिए बहुत-बहुत बधाइयां दी।

# चिकित्सा शिविर आज, आस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ हिसारिया देंगे सेवाएं

निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के विप्र मंडल के प्रयासों से कस्बे के निवासी और एनआरआई अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सक आस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ प्रवीण हिसारिया लंबे समय बाद अपने गृह क्षेत्र आ रहे है। वे यहां के लोगों से ना केवल मुलाकात कर विकास को लेकर चर्चा करेंगे। बल्कि अपने ?अनुभवों का फायदा देते हुए एक मेडिकल कैंप में छह घंटे तक रोगियों को परामर्श देंगे। विप्र मंडल के ओमप्रकाश सर्राफ ने बताया कि ने बताया कि डॉ प्रवीण हिसारिया, मूल रूप से नवलगढ़ कस्बे के है। उनके पिता शशि कुमार हिसारिया भी जाने-माने समाजसेवी है। डॉ प्रवीण हिसारिया अपने दादा स्व. सीताराम हिसारिया की स्मृति में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में अपनी सेवाएं देंगे। यह शिविर 11 फरवरी बुधवार को सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक नवलगढ़ कस्बे के बावड़ी गेट के समीप विप्र मंडल परिसर में होगा। उन्होंने बताया कि डॉ प्रवीण हिसारिया आस्ट्रेलिया के प्रमुख सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों में से एक रॉयल एडिलेड हॉस्पिटल में क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी विभाग के हैड है। ऑटोइम्यून, एलर्जी और इम्यून जैसी बीमारियों के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्पेशलिस्ट है। इस शिविर में डॉ हिसारिया के साथ निर्मल हेल्थ केयर जयपुर के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी स्पेशलिस्ट डॉ बनवारी शर्मा तथा एसएमएस जयपुर के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी के स्पेशलिस्ट डॉ अविनाश जैन भी अपनी सेवाएं देंगे।

### इन रोगियों से कैंप में पहुंचने की अपील

इस कैंप में गठिया, संधिवात, एलर्जी, प्रतिरक्षा संबंधी रोगियों के अलावा हर जोड़ के दर्द का परामर्श दिया जाएगा। कैंप में बच्चों से लेकर बड़े, जो भी इन बीमारियों से ग्रसित है वो आ सकेंगे। शिविर में आने से पहले रजिस्ट्रेशन अनिर्वाय होगा। जिसके लिए मोबाइल नंबर 7976238316 तथा 9887920362 नंबरों को जारी किया गया है। कैंप में आवश्यकता होने पर सभी दवाइयां, रक्त जांच और एक्सरे की सुविधा भी फ्री होगी। सभी रोगियों से यह भी आग्रह किया गया है कि यदि वे पूर्व से बीमारी से संबंधी इलाज ले रहे है। तो रिपोर्ट साथ लेकर आएं। इस कैंप का संपूर्ण आयोजन शशिकुमार हिसारिया और उनके परिवार के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें हिसारिया परिवार के इस जनापयोगी आयोजन में विप्र मंडल व अन्य संस्थाएं सहयोगी के रूप में कार्य कर रही है।

### कैंप में जांची जाने वाली बीमारियों के बारे में

कैंप में जिन बीमारियों की जांच होनी है या फिर परामर्श दिया जाना है। उनमें सबसे महत्वपूर्ण है रूमेटोलॉजिकल से जुड़ी बीमारियां। ये बीमारियाँ जोड़ों, हड्डियों, मांसपेशियों और नसों के आसपास के हिस्सों को प्रभावित करती हैं। जैसे आम तौर पर गठिया, जोड़ों में दर्द, सूजन, अकड़न, रूमेटाइड आर्थराइटिस, शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अपने ही जोड़ों पर हमला करती है। एंकिलोज़िंग स्पॉन्डिलाइटिस, रीढ़ की हड्डी में जकड़न और दर्द। गाउट, यूरिक एसिड बढ़ने से जोड़ों में तेज दर्द। इसके अलावा कैंपस में ऑटोइम्यून बीमारियों का इलाज किया जाएगा। जिससे शरीर की इम्यून सिस्टम गलती से अपने ही शरीर पर हमला करने लगती है। जैसे लुपस, त्वचा, जोड़ों, किडनी आदि पर असर। रूमेटाइड आर्थराइटिस, सोरायसिस, थायरॉइड की कुछ बीमारियां, एलर्जिक बीमारियां, एलर्जिक राइनाइटिस, अस्थमा, स्किन एलर्जी, फूड एलर्जी, जोड़ों की बीमारियां, ऑस्टियोआर्थराइटिस, घुटनों में सूजन आदि का इलाज किया जाएगा।

# चरस, स्मैक और एमडी के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शहर के तीन अलग-अलग थाना इलाकों में दबिश दी है। पुलिस ने कुल 1 किलो 344 ग्राम चरस, 10.20 ग्राम स्मैक और 4.84 ग्राम एमडी बरामद कर पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए नशे की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12.50 लाख रुपये बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि जयपुर शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत सीएसटी ने आमेर, सांगानेर सदर और बगरू पुलिस के साथ मिलकर 1 किलो 344 ग्राम चरस, 10.20 ग्राम स्मैक और 4.84 ग्राम एमडी बरामद कर पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

### आमेर : मंदिर के पास पकड़ा गया नेपाली मूल का तस्कर

सीएसटी को सूचना मिली कि दिल्ली हाईवे स्थित प्राचीन चामुंडा मंदिर के पास चरस की तस्करी होने वाली है। टीम ने घेराबंदी कर पहल सिंह निवासी नेपाल हाल निवासी कुल्लू, हिमाचल प्रदेश को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 1.344 किलोग्राम चरस बरामद हुई है।

### सांगानेर सदर : संजीवनी सिटी के बाहर स्मैक बेचता गिरफ्तार

दूसरी कार्रवाई सांगानेर सदर इलाके में हुई। यहाँ संजीवनी सिटी-।। के बाहर से मनीष कुमार सांसी निवासी टोंक को दबोचा गया। पुलिस ने मनीष से 10.20 ग्राम स्मैक और मादक पदार्थ बिक्री की 21 हजार 500 रुपये की नकदी जब्त की है।

### बगरू : लग्जरी कार और बाइक से एमडी की तस्करी

बगरू पुलिस और सीएसटी ने राजस्थान नर्सिंग कॉलेज के सामने संयुक्त कार्रवाई करते हुए महेन्द्र कुमार चौधरी निवासी अजमेर, विनोद रैगर निवासी अजमेर और गोविन्द सिंह छापरिया निवासी जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया। इनके पास से 04.84 ग्राम एमडी, 7370 रुपये नकद, एक लग्जरी कार और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

### पुलिस की अपील

जयपुर पुलिस ने आमजन से नशे के खिलाफ इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## भागवत कथा श्रवण से होती है चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति : अकिंचन महाराज

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** हरिनाम संकीर्तन परिवार के तत्वावधान में 514वां श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव मंगलवार जामडोली में केशव विद्यापीठ के सामने केशव गार्डन आवासीय योजना में शुरू हुआ। कथा से पूर्व गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। हरिहर स्वरूप और कमलेश शर्मा ने व्यास पीठ और कथा पूजन किया और आरती उतारी। व्यासपीठ से अकिंचन महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य का श्रवण कराते हुए कहा कि भागवत सभी ग्रंथों का सार है। भागवत के श्रवण से चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति होती है। पहले दिन श्रीमद् भागवत महात्म्य, सृष्टि वर्णन, 24 अवतार, भीष्म स्तुति, परीक्षित जन्म एवं वराह अवतार की कथा हुई। कथा 16 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 11 से शाम 5 बजे तक होगी। दूसरे दिन बुधवार को कपिल अवतार, शिव-सती चरित्र, ध्रुव एवं जड़भरत चरित्र का वर्णन किया जाएगा। तीसरे दिन अजामिल उपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन एवं मत्स्य अवतार की कथा होगी। शुक्रवार को अम्बरीष चरित्र, श्रीराम कथा एवं श्रीकृष्ण जन्म कथा के साथ नंदोत्सव मनाया जाएगा। शनिवार को श्रीकृष्ण बाल लीलाएं, माखन चोरी, दामोदर लीला तथा गोवर्धन पूजा के अवसर पर छप्पन भोग झांकी सजाई जाएगी। रविवार को महारास, श्रीकृष्ण मथुरा गमन, गोपी विरह, कंस उद्धार, उद्धवागमन एवं रुक्मिणी विवाह की कथा होगी। समापन दिवस सोमवार को सुदामा चरित्र, नवयोगेश्वर संवाद, 24 गुरुओं की कथा, परीक्षित मोक्ष, शुकदेव मुनि की विदाई के साथ हवन एवं प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

# विद्यार्थियों को स्वेटर व शैक्षिक सामग्री वितरित

संजय सोनी




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के टोंक छिलरी गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को गांव के भामाशाह सुरेन्द्र मूंड पुत्र विद्याधर मूंड द्वारा स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार और ग्रामीणों की उपस्थिति में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यालय की संस्था प्रधान संजू नेहरा ने अपने दिवंगत पति वीरेंद्र सिंह सोहू की 17वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यार्थियों को शैक्षिक सामग्री भी वितरित की। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में अनुशासन के साथ एकरूपता लाने तथा सर्दी से बचाव के उद्देश्य से स्वेटर वितरण की योजना बनाई गई थी। जिसके लिए सुरेन्द्र मूंड से सहयोग का आग्रह किया गया। सुरेन्द्र मूंड ने कहा कि विद्यालय को भविष्य में भी किसी प्रकार की आवश्यकता होगी तो वे सहयोग के लिए सदैव तैयार रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ग्रामवासी सांवरमल सैनी, करणी राम महला, उप प्रधानाचार्या मोनिका पालीवाल, व्याख्याता संदीप कुमार, हरिश कुमार, वरिष्ठ अध्यापक महावीर प्रसाद सैनी, सतीश कुमार पालीवाल, रामलखन सैनी, अध्यापक जीवनराम, रमेशचंद्र, अमन कुमार, ओम छापोला, शारीरिक शिक्षक कुलदीप, कनिष्ठ सहायक अभिषेक तथा पंचायत सहायक सुमन शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। विद्यालय परिवार ने भामाशाह का आभार व्यक्त करते हुए इसे शिक्षा और समाजसेवा की दिशा में प्रेरणादायक पहल बताया। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर वीरेंद्र सिंह सोहू को भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# आंगनबाड़ी से पीएचसी तक का रास्ता बदहाल मरीजों व गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी



**बुगाला ( नवयत्न )।** मुख्य बाजार से कॉमरेड की ढाणी जाने वाले रास्ते में आंगनबाड़ी केंद्र से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक का मुख्य रास्ता लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। गड्ढों से भरी सड़क, जगह-जगह उखड़ी सतह और घरों से निकलने वाले गंदे पानी से रास्ते में कीचड़ फैला हुआ है। जिसके कारण मरीजों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और छोटे बच्चों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से वाहन चालकों को नहीं बल्कि पैदल निकलना भी दूभर हो रहा है। हवलदार शीशराम बुगालिया व स्थानीय लोगों का कहना है कि पीएचसी तक पहुंचने में सबसे ज्यादा दिक्कत आपातकालीन मरीजों को होती है। निजी वाहन भी कई बार बीच रास्ते में ही फंस जाते हैं। आंगनबाड़ी आने-जाने वाली गर्भवती व धात्री महिलाएं और छोटे बच्चों को हर वक्त फिसलने का खतरा रहता है। रात के समय पर्याप्त रोशनी न होने से समस्या और बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग की शिकायत कई बार प्रशासन व संबंधित विभागों को दी गई लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ। बरसात के मौसम में हालात और बदतर हो जाते हैं जिससे इलाज में देरी होती है और मरीजों की परेशानी बढ़ती है। गांववासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आंगनबाड़ी से पीएचसी तक के रास्ते का शीघ्र पक्का निर्माण कराया जाए, नालियों की समुचित व्यवस्था हो तथा स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएं ताकि मरीजों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके। इस समस्या के लिए मंगलवार को ग्रामीणों ने विरोध भी किया। विरोध करने वालों में बनवारी बुगालिया, राजेश कुमावत, सुनील जांगिड़, घीसाराम कुमावत, शर्मिला मीणा, कृष्णा बुगालिया आदि मौजूद थे।

## जापान से जयपुर घूमने आए दो टूरिस्ट लापता

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अशोक नगर थाना इलाके में जयपुर घूमने आए दो जापानी टूरिस्ट लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने ट्रैक्सी ड्राइवर की शिकायत पर दोनों जापानी टूरिस्ट की गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है। थानाधिकारी मोतीलाल ने बताया कि टैक्सी चालक पिकेंद्र कुमार ने मामला दर्ज कराया है कि दोनों जापानी टूरिस्ट हिबिक्की शिब्बा और युमा टूरिस्ट विजा पर 6 फरवरी को दिल्ली से जयपुर आए थे और ब्रह्मपरी स्थित एक होटल में आकर रुके और मैकडॉननल्डस खाने खाने निकले। जाने से पहले उन्होने अपना बैग टैक्सी चालक के सुपुर्द कर दिया। काफी देर तक इंतजार करने के बाद पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने टूरिस्टों का बैग जब्त कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

### मोबाइल नंबर नहीं होने से उलझी तलाश

टैक्सी चालक ने पुलिस को बताया कि दोनो टूरिस्टों के पास मोबाइल फोन तो है लेकिन उनका नंबर नहीं पता। पुलिस ने रेस्टोरेंट के सीसीटीवी फुटेज देखे तो दोनों जापानी टूरिस्ट अंदर रुकने के कुछ ही देर बात बाहर जाते हुए दिखाई दिए।

## सम्पादकीय

# साइबर ठगी पर सख्ती



साइबर धोखाधड़ी और विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट के जरिये लोगों का पैसा हड़प करने के मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह सीबीआइ, बैंकों और रिजर्व बैंक के रवैये पर नाराजगी प्रकट की, उससे यही पता चलता है कि लोगों को ठगी से बचाने के लिए जो कुछ किया जाना चाहिए, वह नहीं किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी तो बहुत ही गंभीर है कि कई मामलों और खासकर डिजिटल अरेस्ट के मामलों में बैंक अधिकारी आरोपितों से मिले होते हैं और इसी कारण साइबर ठग लोगों की जमापूंजी आसानी से हड़प ले रहे हैं।

इस टिप्पणी को निराधार नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह देखने में आया है कि ठगी के जरिये इधर-उधर हस्तांतरित की गई रकम को जब्त करने के लिए बैंक समय पर कार्रवाई नहीं करते। समझना कठिन है कि जिन खातों से रकम इधर-उधर की जाती है, उनके खिलाफ बैंक तत्परता के साथ कार्रवाई क्यों नहीं करते? तत्परता का यह अभाव ही बैंकों की भूमिका पर सवाल खड़े करता है। यदि बैंक कर्मचारी सतर्क रहें तो साइबर फ्राड के मामलों पर एक बड़ी हद तक लगाम लग सकती है।

बैंकों के पास ऐसा कोई सिस्टम होना ही चाहिए कि यदि किसी खाते से निकली राशि आनन-फानन एक के बाद एक कई अन्य खातों में स्थानांतरित हो रही हो तो वे उसका संज्ञान ले सकें। आम तौर पर ऐसा साइबर धोखाधड़ी के मामले में ही होता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की ओर से रिजर्व बैंक को ऐसे निर्देश देना आवश्यक हो गया था कि वह जिन खातों से धोखे से निकाला गया पैसा इधर-उधर किया जाता है, उन पर संबंधित बैंकों की जवाबदेही तय करे। आखिर अभी तक ऐसा क्यों नहीं किया जा रहा था?

चूंकि साइबर ठगी के मामलों में पुलिस एवं अन्य एजेंसियों को तत्परता से कार्रवाई करना आवश्यक होता है और प्राय: इसमें ढिलाई देखने को मिलती है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट को सीबीआइ को भी निर्देश देना पड़ा कि ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई की जाए। देखना है कि ऐसा हो पाता है या नहीं, क्योंकि साइबर ठगी के मामले जिस तरह बढ़ रहे हैं, उसे देखते हुए इसमें संदेह है कि सीबीआइ उन सबकी जांच करने में सक्षम होगी।

स्पष्ट है कि पुलिस को भी साइबर ठगी के मामलों की जांच में समर्थ होना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने साइबर ठगी रोकने के लिए गृह मंत्रालय, रिजर्व बैंक और टेलीकाम अथारिटी के बीच तालमेल बढ़ाने की आवश्यकता जताई और इस संदर्भ में स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर पूरे देश में लागू करने के निर्देश दिए। अच्छा होता कि सरकार अब तक यह काम अपने स्तर पर ही कर लेती। वह इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकती कि डिजिटल धोखाधड़ी से 54 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हड़पी जा चुकी है। यह राशि कई छोटे राज्यों के बजट से भी अधिक है।

## ● विशेष आलेख

# फिर दोराहे पर खड़ा बांग्लादेश



बांग्लादेश में 12 फरवरी को होने जा रहे आम चुनावों के लिए सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी कमर कस चुके हैं। चुनावी परिणाम ही नए बांग्लादेश की दिशा निर्धारित करेंगे। इस बार अवामी लीग प्रतिबंध के कारण चुनाव से बाहर है, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना फिर भी चुनावी विमर्श का प्रमुख मुद्दा बनी हुई हैं। पिछले तीन दशकों में यह पहला अवसर है, जब बांग्लादेश की 'दो बेगमों'- अवामी लीग की शेख हसीना और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की खालिदा जिया चुनावी मैदान में नहीं हैं। ऐसे में यह चुनाव नए राजनीतिक समीकरणों के बीच लड़ा जा रहा है। 13वें संसदीय चुनाव में युवाओं की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि 2024 में जुलाई में शेख हसीना के खिलाफ हुए आंदोलन और उनके इस्तीफे में यही वर्ग सबसे आगे रहा। वर्तमान में 18-35 आयु वर्ग की आबादी लगभग 30 प्रतिशत है, जो आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया से लैस है और जुलाई आंदोलन का प्रमुख प्रतिनिधि मानी जाती है। सवाल यह है कि क्या यह युवा वर्ग छात्र आंदोलन से उभरी जातीय नागरिक पार्टी यानी नेशनल सिटिजंस पार्टी (एनसीपी) को समर्थन देगा या पारंपरिक दल अपने प्रशासनिक अनुभव और संगठनात्मक मजबूती के बल पर फिर सत्ता में लौटेंगे?

लंदन में 17 वर्षों के निर्वासन के बाद खालिदा जिया के पुत्र तारिक रहमान ने बीएनपी की कमान संभाली है। पिछले साल 25 दिसंबर को उनकी बांग्लादेश वापसी के दौरान उमड़ी भीड़ से स्पष्ट हुआ कि 2024 के आंदोलन का राजनीतिक लाभ बीएनपी को मिला है और आगामी चुनावों में उससे काफी उम्मीदें हैं। ढाका पहुंचने पर तारिक रहमान ने कहा, 'आइ हैव ए प्लान यानी मेरे पास बांग्लादेश के विकास की योजना है।'

इसी आधार पर पार्टी ने अपने घोषणा पत्र सबसे पहले राष्ट्रीय बदलाव, सामाजिक समानता, आर्थिक स्थिरता, क्षेत्रीय विकास और धार्मिक सौहार्द जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी है। बांग्लादेश के चुनावी इतिहास में मुद्दों से अधिक पार्टी और नेतृत्व का प्रभाव रहा है और तारिक रहमान ने पिछले डेढ़ वर्षों में इसी दिशा में काम किया है। विदेश में रहते हुए भी वे आनलाइन माध्यम से पार्टी से जुड़े रहे। चुनावी गणित के लिहाज से बीएनपी इस समय एक मजबूत पार्टी मानी जा रही है, जिसे अवामी लीग की अनुपस्थिति का भी लाभ मिल सकता है। हालांकि बीएनपी मजहबी ध्रुवीकरण से बचते हुए अल्पसंख्यक और अवामी लीग समर्थक वोटों को आकर्षित करने की कोशिश कर रही है।

जमात-ए-इस्लामी पहली बार खुलकर नेतृत्व की राजनीति में सामने आई है। 1971 के मुक्ति आंदोलन में पाकिस्तान का साथ देने के कारण यह संगठन लंबे समय तक विवादों में रहा। शेख हसीना के दो दशकों के शासन में इसके कई नेता जेल में रहे या भूमिगत हो गए थे, लेकिन उनकी सरकार के पतन के बाद जमात फिर सक्रिय हुई और उसका नेतृत्व सामने आया, जिसमें प्रमुख अमीर शफीकुर रहमान शामिल हैं। अवामी लीग की अनुपस्थिति ने जमात को अलग राजनीतिक पहचान दी है और अपने मजहबी आधार के सहारे वह चुनावी मैदान में उतरी है। हालांकि जमात के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। उसकी कट्टरपंथी छवि, महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण और संविधान को इस्लामी स्वरूप देने की कोशिशें चिंता का विषय हैं।

बांग्लादेश की स्थापना उदारवाद, धार्मिक सद्भाव और महिलाओं की सक्रिय भूमिका के आधार पर हुई थी। ऐसे में यदि जमात सत्ता में आती है, तो पंथनिरपेक्षता के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग सकते हैं। हाल में शफीकुर रहमान के एक साक्षात्कार में महिलाओं को पार्टी में प्रतिनिधित्व न देने की बात भी चिंता बढ़ाती है। जुलाई आंदोलन के कारण युवाओं की भूमिका इस चुनाव में अहम मानी जा रही है। छात्र नेता नाहिद इस्लाम ने फरवरी 2025 में एनसीपी की स्थापना कर चुनावी राजनीति में प्रवेश किया।

हालांकि छात्र आंदोलन का नेतृत्व चुनावी सफलता की गारंटी नहीं होता। एनसीपी ने ढाका और जहांगीरनगर विश्वविद्यालय के छात्र चुनावों में भाग नहीं लिया, जिससे उसकी संगठनात्मक मजबूती पर सवाल उठे। इसके विपरीत, जमात के छात्र संगठन इस्लामी छात्र शिबिर की जीत ने उसकी जमीनी पकड़ को दर्शाया। एनसीपी का जमात के साथ गठबंधन उसकी राजनीतिक अनिश्चितता और अवसरवाद को भी दर्शाता है। अब यह देखना होगा कि युवा, विशेषकर महिलाएं इस गठबंधन को कितना स्वीकार करती हैं।

आंतरिक मुद्दों के बीच बीएनपी, जमात और एनसीपी, तीनों ने भारत के साथ संबंधों पर अलग-अलग रुख अपनाया है। बीएनपी और जमात ने विदेश नीति पर अपेक्षाकृत संयम बरता है, जबकि एनसीपी ने अंतरराष्ट्रीय नदियों के जल बंटवारे, शेख हसीना की वापसी और असमान द्विपक्षीय समझौतों जैसे मुद्दों पर कड़ा रुख अपनाने की बात कही है। पारंपरिक दलों की चुप्पी को विवाद से बचने की रणनीति माना जा सकता है।

बांग्लादेश कई बार राजनीतिक उथल-पुथल से गुजरा है, लेकिन उसका राजनीतिक ढांचा कायम रहा है। यदि इस चुनाव में जमात सत्ता में आती है, तो न केवल आंतरिक राजनीति, बल्कि विदेश नीति में भी मजहबी प्रभाव बढ़ सकता है, जो भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय बन सकता है।

## आज का राशिफल

### मेष

यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### वृष

घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

### मिथुन

पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### कर्क

भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### सिंह

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### कन्या

दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### तुला

नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### वृश्चिक

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### धनु

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### मकर

स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### कुंभ

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### मीन

किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

## स्वास्थ्य समाचार

# डिलीवरी के बाद महिलाएं भूलकर भी न करें यह गलतियां

डिलीवरी चाहे नॉर्मल हो या सिजेरियन। दोनों ही स्थिति बहुत ज्यादा कष्टकारी होती है। डिलीवरी के बाद महिलाओं के लिए चलना-फिरना भी मुश्किल हो जाता है। उन्हें अपनी इस सिचुएशन से पूरी तरह रिकवरी में ही करीब 40 से 50 दिनों का समय लगता है। यही नहीं, डिलीवरी के बाद महिला पूरी तरह बेड रेस्ट पर होती है। हालांकि, उसी स्थिति में उन्हें अपने नवजात शिशु की केयर भी करनी पड़ती है। उसे ब्रेस्ट फीड कराने से लेकर, उसके हर छोटे-बड़े काम करने पड़ते हैं। ऐसे में अगर महिलाएं अपना ध्यान न रखें, तो उनकी रिकवरी में और भी समय लग सकता है। इसलिए, जरूरी है कि डिलीवरी के बाद महिलाएं अपनी हेल्थ का पूरा ध्यान रखें। इसी क्रम में, अक्सर महिलाएं डिलीवरी के बाद कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठती हैं, जो उन्हें लंबे समय तक परेशान कर सकती हैं।



### भारी सामान उठाने से बचें

आजकल ज्यादातर घरों में न्यूक्लियर फैमिली का ट्रेंड बढ़ चुका है। यही कारण है कि महिलाएं डिलीवरी के बाद अपनी और अपने नवजात शिशु की केयर खुद ही करती हैं। ऐसे में कई बार वे भारी सामान, जैसे भरी हुई पानी की बाल्टी, धुले हुए कपड़े आदि उठा लेती हैं। इस तरह की भारी सामान उठाने पर पेट पर काफी प्रेशर पड़ता है। ऐसा होने पर पेट में दर्द या चलनते-फिरने में दिक्कत हो सकती है। इसलिए, किसी भी तरह का भारी सामान उठाने से बचें।

### बार-बार सीढ़ियां चढ़ना-उतरना

नॉर्मल डिलीवरी हो या सिजेरियन। दोनों ही कंडीशन में कुछ दिनों के लिए महिलाओं को सीढ़ी से आना-जाना बंद कर देना चाहिए। अगर दिन में महज एक बार चढ़ना हो, तो उसे मैनेज किया जा सकता है। लेकिन, बार-बार सीढ़ी का इस्तेमाल करना सही नहीं है। इससे स्टिचेस खुल सकते हैं और तकलीफ बढ़ सकती है।

### बच्चे का हर काम खुद करना

आमतौर पर हमारे यहां बच्चे की जिम्मेदारी सिर्फ मांएं लेती हैं। लेकिन, समय में काफी बदलाव आया है और पुरुषों ने भी कुछ हद तक इसे अपनी जिम्मेदारी माना है। लेकिन, आज भी ऐसी महिलाएं कम नहीं हैं, जो बच्चे के जन्म के तुरंत बाद से उसकी पूरी केयर अकेले करती हैं। डिलीवरी के तुरंत बाद आप खुद पर काम का बोझ न डालें।

इसके बजाय, घर के अन्य सदस्यों के साथ बच्चे की जिम्मेदारी को शेयर करें। इससे आपको आराम करने का समय मिलेगा और रिकवरी में भी मदद मिलेगी।

### रात को पूरी नींद न लेना

अक्सर यह कहते सुना जाता है कि बच्चे रात भर जगते हैं। उनके साथ उनकी मांओं को भी जगना पड़ता है। अगर डिलीवरी के तुरंत आप आप कंप्लीट रेस्ट नहीं लेंगी, तो इससे आपकी रिकवरी धीमी हो जाएगी। इस तरह की सिचुएशन की वजह से आप चिड़चिड़ेपन से भर सकती हैं। तेजी से रिकवरी के लिए जरूरी है कि अच्छी तरह आराम करें। अगर बच्चे का पेट भरा हुआ है, फिर भी वह रात को नहीं सो रहा है, तो आप घर के किसी अन्य सदस्य से कहें कि वह बच्चे की देखरेख करे ताकि आप आराम कर सकें। इसके अलावा, जब भी बच्चा सोए, आप भी उसके साथ झपकी ले लें।

### हाईजीन का ध्यान न रखना

डिलीवरी के बाद हाईजीन का ध्यान रखा जाना बहुत जरूरी है। अगर आपने इस दौरान जरा भी लापरवाही की, तो संक्रमण का खतरा हो सकता है। खासकर, नॉर्मल डिलीवरी वाली महिलाओं को अपनी वजाइनल हेल्थ का जरूर ध्यान रखना चाहिए। इसके लिए आप रेगुलर पैंटी चेंज करें, जितनी बार यूरिन पास करें, उतनी बार अपने गुप्तांग को पानी से वॉश करें और कम से कम 40 दिनों तक सेक्सुअल रिलेशन से दूर रहें।

# शरीर को डिटॉक्स करने के लिए डाइट में जरूर शामिल करें यह सब्जियां

अभी फेस्टिव सीजन बस खत्म ही हुआ है। लेकिन इस दौरान लोगों ने खूब-उल्टा सीधा खाया है। तरह-तरह की मिठाइयां, तले-भुने फूड्स और बिस्कुट-नमकीन आदि का लोगों ने खूब सेवन किया है। जिसकी वजह से बहुत से लोगों को अब पेट संबंधी और शरीर का वजन बढ़ने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अब ज्यादातर फेस्टिव सीजन के बाद शरीर को डिटॉक्स करने की लिए तरह-तरह के नुस्खे खोज रहे हैं। फास्टिंग, गर्म पानी, हर्बल टी और फलों के जूस के सेवन से लेकर डिटॉक्स डाइट तक, लोग काफी कुछ ट्राई कर रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं अगर आप अपनी डाइट में कुछ सब्जियां शामिल कर लें, तो बस इतना करने भर से भी आपको शरीर को प्राकृतिक रूप से डिटॉक्सिफाई करने में मदद मिल सकती है? जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा! सब्जियां कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। इनमें पानी और कई एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो शरीर में हानिकारक कणों को बेअसर कर शरीर से गंदगी को बाहर निकालने में मदद करते हैं।

**लौकी :** सुबह खाली पेट एक गिलास लौकी का जूस छानकर पीने से शरीर में जमा गंदगी को बाहर निकालने में बहुत मदद मिलती है। यह जूस आंत और मूत्राशय को साफ करता है, शरीर की ऊर्जा बढ़ाता है, बुद्धि में सुधार करता है, वात-पित्त दोष को संतुलित करता है और भी कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है।

**ड्रमस्टिक्स :** आयुर्वेद में हम इसे शिग्रु कहते हैं, यह कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, प्रोटीन, विटामिन सी, विटामिन बी से भरपूर होती है और कई बेहतरीन स्वास्थ्य लाभों के लिए सबसे अच्छी सब्जी है। आप सहजन का सूप, जूस या करी बना सकते हैं।

# चेहरे पर लगाएं दूध और शहद का पेस्ट, दूर हो जाएंगी कई समस्याएं

हर व्यक्ति दाग-धब्बों और मुंहासों से फ्री त्वचा चाहता है। हालांकि, अधिकतर लोगों को त्वचा से जुड़े कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कोई मुंहासों, कोई दाग-धब्बों तो कोई ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स से परेशान हैं। ऐसे में अकसर लोग त्वचा की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए फेशियल या ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं। लेकिन आप चाहें तो घरेलू उपायों की मदद से भी अपनी सुंदरता को बढ़ा सकता है।

खासकर, सर्दियों में त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है। इस मौसम में त्वचा की अतिरिक्त देखभाल करना जरूरी होता है। आप सर्दियों में दूध और शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। चेहरे पर दूध और शहद लगाने से त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने में मदद मिलती है। दूध और शहद त्वचा को मॉइश्चराइज और हाइड्रेट करते हैं। साथ ही, त्वचा के दाग-धब्बों और मुंहासों से भी छुटकारा दिलाते हैं।

**त्वचा को हेल्दी रखे :** सर्दियों में त्वचा पर इंफेक्शन होने का जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में शहद और दूध लगाना फायदेमंद हो सकता है।



शहद में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा को संक्रमण आदि से बचाने में मदद करते हैं। शहद और दूध, त्वचा को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। त्वचा को कई तरह की बीमारियों से बचाते हैं।

**त्वचा को हाइड्रेट रखे :** सर्दियों में अकसर हम सभी पानी का सेवन कम मात्रा में ही करते हैं। इससे शरीर के साथ ही त्वचा भी डिहाइड्रेट होने लगती है। ऐसे में आप सर्दियों में त्वचा को हाइड्रेट और मॉइश्चराइज रखने के लिए दूध और शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। दूध और शहद को चेहरे पर लगाने से त्वचा पर निखार बना रहता है।

**ड्राई स्किन से छुटकारा दिलाए :** सर्दियों में स्किन रूखी और बेजान हो जाती है। ऐसे में अक्सर लोग त्वचा पर कई तरह के प्रोडक्ट्स लगा लेते हैं। हालांकि, आप चाहें तो घरेलू उपायों की मदद से भी ड्राई स्किन से छुटकारा पा सकते हैं। दूध और शहद का पेस्ट त्वचा की ड्राईनेस को कम करने में असरदार साबित होता है। दूध में विटामिन ए होता है, जो त्वचा को हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है।

**त्वचा की गंदगी निकाले :** प्रदूषण और धूल-मिट्टी के कण त्वचा पर चिपक जाते हैं। ऐसे में त्वचा की गहराई से सफाई करने के लिए आप चेहरे पर दूध और शहद का पेस्ट लगा सकते हैं। दूध और शहद का पेस्ट लें। इसे चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। 2-3 मिनट बाद चेहरे को पानी से साफ कर लें। यानी आप इसका इस्तेमाल क्लींजर के तौर पर कर सकते हैं।

# आक्रोश रैली निकालकर महिलाओं ने की पोसवाल को गिरफ्तार करने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को नया बास की बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रदर्शन किया और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। नया बास स्थित शिव शक्ति मंदिर पर बड़ी संख्या में महिलाएं और आमजन इकट्ठे हुए और महावीर पोसवाल को गिरफ्तार करो के नारे लगाते हुए रैली के रूप में गांधी चौक पहुंचे। गांधी चौक पर प्रदर्शन करने बाद सभी लोग वहां से रैली के रूप में ही गणेश मंदिर स्थित कोतवाली थाने पर पहुंचे।

जहां पर एएसपी के मौजूद नहीं होने के कारण करीब आधे घंटे तक लोगों को इंतजार करना पड़ा। एडीशनल एसपी दिनेश कुमार के आते ही लोगों ने फिर से प्रदर्शन कर नारेबाजी की और उनको ज्ञापन सौंपकर 1 फरवरी को नया बास में हुई महिलाओं के साथ अभद्रता की घटनाओं के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। ज्ञापन सौंपते वक्त मोहल्ले की महिलाओं ने एडीशनल एसपी को बताया कि यह आरोपी व्यक्ति पूरे मोहल्ले में लोगों को डरा धमकाकर रखता है और इसका खौफ सभी सज्जन लोगों में है। महिलाओं ने पुलिस अधिकारी को बताया कि देश के प्रधानमंत्री बेटी संरक्षण की बात कर रहे हैं जबकि पुलिस के सामने ऐसे आरोपी खुले आम घूम रहे हैं, जो



महिलाओं के साथ अभद्रता करते हैं, यह कब तक चलेगा। लोगों ने कहा कि पूजा करने गई महिलाओं से अभद्रता करने तथा महिलाओं के साथ मारपीट का विडियो सामने आने के बाद भी पुलिस ने दस दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही अब तक क्यों नहीं की है। जिस पर एडीशनल एसपी ने कहा कि पुलिस पूरे जरूरी साक्ष्य जुटा रही है और साक्ष्य जुटाने का काम पूरा होते ही आपको कार्यवाही देखने को मिलेगी। उन्होंने समुचित समाधान का आश्वासन दिया। दूसरी ओर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर तीन दिनों में आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे तो धरना शुरू किया जायेगा।

इस दौरान राधा देवी, वैद्य भंवरलाल शर्मा, नरेंद्र प्रजापत, अमिता बगड़िया, एडवोकेट मनीष दाधीच, विजय चौहान, प्रेम स्वामी, पार्षद रेंवतमल पंवार, वीरेंद्र स्वामी, डालाराम प्रजापत, रूपा प्रजापत, रविन्द्र पाण्डे, महेश जोशी, पार्षद मनोज पारीक, पन्नालाल सोनी, मनीष मालपानी, सांवतसिंह, विक्की काछवाल, किरणदेवी, कंचन, मंजू, सीतादेवी, सुशीला, किस्तूरी, रामप्यारी, गीता, धनवन्ती सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही। दूसरी ओर मामले को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष मीण को भी ज्ञापन सौंपकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई।

## संविधान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में नागरिकता कौशल, संवैधानिक मूल्य एवं भारत का ज्ञान के तहत संविधान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमें कुल पांच टीमों ने भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने संवैधानिक मूल्य, भारत का ज्ञान विषय के बारे में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की । डॉ मधु चौधरी ने बताया कि संविधान प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान पर पंकज सैनी एवं रणवीर सेन तथा द्वितीय स्थान पर पायल सोनी व दीपिका सैनी रहे। निर्णायक के रूप में उप्राचार्य यादवेंद्र भार्गव, संविधान क्लब प्रभारी कैलाश चंद कुमावत एवं पीएमश्री प्रभारी ओम प्रकाश गुर्जर रहे। मंच संचालन व्याख्याता अनिल कुमार टेलर ने किया। व्याख्याता धन्ना राम जाट, सुखराम मांडिया सहित स्टाफके अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पारितोषिक देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## गुर्जर के अतिरिक्त रजिस्ट्रार पर पदोन्नति पर जताई खुशी

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जुगराजपुरा निवासी प्रशासनिक अधिकारी मदन लाल गुर्जर की राजस्थान सहकारी सेवा में संयुक्त रजिस्ट्रार से अतिरिक्त रजिस्ट्रार पद पर पदोन्नति होने पर ग्रामीणों व विभिन्न संगठनों ने खुशी जताई। जानकारी के मुताबिक आरएएस अधिकारी मदन लाल गुर्जर ने विभिन्न पदों पर रहते हुए आमजन के लिए सरकारी योजनाओं को सुगमता से पहुंचाने के कार्य किए है। विगत दिनों से राजस्थान सहकारी विभाग में संयुक्त रजिस्ट्रार रहते हुए ग्रामीण अंचल में ग्राम सेवा सहकारी समितियों के लिए अनेक उल्लखेनीय कार्य करके ग्रामीण किसानों को लाभान्वित करने, सहकारी समितियों में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए कार्य किए। इस दौरान कैलाश गुर्जर जुगराजपुरा, ओमप्रकाश धाभाई, धर्मेन्द्र धाभाई, बाबुलाल कुलदीप, रमेश यादव, रजनीश यादव, बंटी रावत, कृष्ण कसाणा समेत अनेक लोगों ने खुशी व्यक्त की।

## राष्ट्र रक्षा व धर्म रक्षा के लिए जीवन में स्वाभिमान होना जरूरी : कानपुरी महाराज



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय दुलिया बास स्थित श्रीब्रजधाम राधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। व्यास पीठ पर विराजमान श्रीदशनाम सन्यास आश्रम गुलर धाम के श्रीमहंत स्वामी कानपुरी महाराज ने उपस्थित जनों को राष्ट्र रक्षा व धर्म रक्षा के लिए जीवन में वीरता व स्वाभिमान के भाव रखने की बात कही। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं से प्रकृति, पर्यावरण, पहाड़, गाय, गंगा, ग्रीनरी सहित जीव मात्र की रक्षा, सुरक्षा व सेवा करने की बात कही। कथा में प्रहलाददास स्वामी, महावीर स्वामी, राजेंद्र नागपुरिया, रूपचंद स्वामी, विनोद भास्कर, अर्जुनराम राठी, गोपाल ठेकेदार, डॉ धर्मवीर स्वामी, रणजीत सिंह, दयाल स्वामी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### शिविर आज

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज और जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ समिति श्रीमाधोपुर द्वारा शहर के एमएस हॉस्पिटल में बुधवार को सुबह साढ़े 9 बजे से नि:शुल्क बीएमडी जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ माधव सिंह ने बताया कि यह शिविर माह में दो बार आयोजित किया जाता है। शिविर में बोन मैरो की डेंसिटी की जांच की जाकर आवश्यक परामर्श दिया जाएगा।

## विराट हिंदू सम्मेलन : हिंदू समाज सम्मान, सहयोग से आगे बढ़ रहा है : पवन कुमार

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जयरामकावाली के रामसुखदास आश्रम में ज्योतिबाफुले बस्ती का मंगलवार को एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पोलादास मंदिर से कलश यात्रा के साथ हुई, जो सम्मेलन स्थल रामसुखदास आश्रम पर समाप्त हुई। इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सामाजिक कार्यकर्ता पवन कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज हिंदू समाज आपसी सम्मान, सहयोग और आत्मविश्वास के साथ वैश्विक स्तर पर अपनी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि सनातन संस्कृति ने सदियों से पर्यावरण संरक्षण, पारिवारिक नैतिकता, गणित, विज्ञान, योग और आध्यात्म का संदेश विश्व को दिया है। शर्मा ने यह भी कहा कि विदेशी गुलामी के दौर में समाज में कुछ बुराइयां आ गई थी, जिन्हें दूर करना सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने पंच परिवर्तन के संकल्प के साथ समाज के आगे बढ़ने और इसी शक्ति से विश्वगुरु भारत के सपने को साकार करने की बात कही। राष्ट्रीय सेविका समिति की शारीरिक प्रमुख कोमल



जाखड़ ने मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि मातृशक्ति संस्कृति की वाहक है और समाज निर्माण में उसकी अहम भूमिका होती है। संत आचार्य ज्योतिमर्यानंद ने सामाजिक संस्थाओं के रचनात्मक कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि गायत्री परिवार और गीता प्रेस जैसी संस्थाएं पिछले 100 वर्षों से समाजसेवा कर रही हैं। उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ हेडगेवार द्वारा वर्ष 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भी जिक्र किया, जो राष्ट्र में समरसता और एकता के लिए कार्यरत है। उन्होंने हिंदू समाज को जाति और पंथ के मतभेदों से ऊपर उठकर एकजुट होने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में कवि सुरेश सनातनी ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कविता प्रस्तुत की। महामंडलेश्वर ओंकार दास महाराज ने अपने आशीर्वचन में वर्तमान समय में हिंदू एकता की महती आवश्यकता पर जोर दिया।

हनुमान चालीसा भक्ति मंडल द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ और भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर साहित्य एवं पंच परिवर्तन विषय पर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। अतिथियों का स्वागत ओमप्रकाश सैनी प्रधान, विजय सैनी, गौरवर्धन सैनी, तुलसी, राजेश सैनी, गरिमा सैनी, रघुनाथ सैनी, अनिल सैनी और सरोज सैनी ने किया। यह जानकारी हरीश जीनगर ने दी। मंच पर बावड़ी आश्रम ओमकार दास महाराज, ज्योतिमर्यादान्द महाराज, सुरेश सनातनी, कोमल, पवन कुमार अजीतगढ़, मंच संचालन लोकेश कुमार सैनी ने किया। सचिव हरीश कुमार जिनगर ने बताया इस मौके पर हनुमान भक्त मंडल द्वारा हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, देव सैनी, सरपंच प्रतिनिधि राजेश सैनी, राजेंद्र कुमार सैनी, ओम प्रकाश सैनी, रघुनाथ सैनी, रामकिशन सैनी, विनोद चांद, गोवर्धन लाल सैनी, फूलचंद सैनी, भंवरलाल सैनी, कन्हैया लाल चौरासिया, प्रहलाद सोमानी, चंद्रप्रकाश व्यास, भंवर लाल सैनी, सतनारायण सैन, हितेश सैनी आदि मौजूद रहे।

## संयुक्त किसान मोर्चा कल निकालेगा रैली

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** संयुक्त किसान मोर्चा झुंझुनू व सामाजिक न्याय अधिकार मंच 12 फरवरी को शिक्षक भवन झुंझुनू से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालेगा। यह रैली केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी व कार्पोरेट परस्त नीतियों एवं चार श्रम संहिता कानूनों के खिलाफट्रेड यूनियनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में तथा एमएसपी को कानूनी गारंटी देने, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार एमएसपी तय करने, भारत अमेरिका ट्रेड डील को रद्द करने आदि मांगों को लेकर की जाएगी। इस अवसर पर ट्रेड डील में भारत सरकार की अमेरिका के सामने घुटना टेकने की नीति से भारतीय बाजार में भारी सब्सिडी पर आधारित अमेरिकी कृषि जिंसों की संभावित भरमार से आसन्न कृषि संकट को देखते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के घटक संगठनों अखिल भारतीय किसान सभा, अखिल भारतीय किसान महासभा, क्रांतिकारी किसान यूनियन, जय किसान आंदोलन व राजस्थान किसान सभा तथा सामाजिक न्याय अधिकार मंच, ट्रेड यूनियनों व आशा सहयोगिनीयों की तरफ से कलेक्ट्रेट पर पुतला दहन भी किया जाएगा।

## सड़क हादसे में दो घायल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मेगाहाईवे स्थित गोपालपुरा चौराहा के पास हुई सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। जबरदस्त एक्सीडेंट में मोटरसाइकिल सवार दो लड़के पवन व ओमप्रकाश निवासी खीचड़ कॉलोनी सुजानगढ़ घायल हो गए। जिनको राहगीर लक्ष्मण सिंह, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया द्वारा सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराकर परिजनों और पुलिस को सूचित किया गया। डॉ महिपाल, ओमप्रकाश आदि ने इलाज किया। जानकारी के अनुसार दोनों युवक गोपालपुरा साइड जा रहे थे कि अचानक बस आ गयी तथा गिर गए।

## विधिक चेतना शिविर कल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से बड़ा विधिक सेवा शिविर 12 फरवरी को गोपालपुरा गांव में आयोजित किया जायेगा। पशु चिकित्सालय के सामने आयोजित होने वाले इस शिविर में आम लोगों को उपयोगी विधिक जानकारी दी जाएगी। तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानगढ़ के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप भाटी के निर्देशानुसार नागरिकों को विधिक शिविर की जानकारी देने के लिए मंगलवार को गोपालपुरा में पीएलवी अशोक तिवाड़ी, विजयपाल श्योराण, मयंक त्रिर्वेदी ने व्यापक प्रचार अभियान चलाया। शिविर में अनेक विभागों की हेल्प डेस्क लगेगी। जिसमें जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने, पात्र लोगों को आवेदन में सहायता करने आदि काम किये जाएंगे। सुजानगढ़ तालुका सचिव वंदना कंवर ने बताया कि शिविर में जिला स्तर के सक्षम न्यायिक अधिकारी आएंगे और उपखंड स्तर के अनेक विभागों के अधिकारी भी रहेंगे।

## पालिका चेयरमैन का किया सम्मान

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में सोमवार देर शाम को डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल, मेघवाल धर्मशाला, 3 नंबर स्कूल के पास पालिका अध्यक्ष गंगा देवी के शानदार कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ज्ञान केलिया समाज सेवा संस्थान द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा व कांग्रेस-भाजपा के पार्षदगण, कामरेड भादर भांमू, किसान नेता रविंद्र आदि मंचस्थ रहे। पालिका अध्यक्ष गंगा देवी का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। राजलदेसर भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष श्रवण बारूपाल ने चेयरमैन का अभिनन्दन पत्र भेंट कर सम्मान किया। ज्ञान केलिया समाज संस्थान के कालूराम बारूपाल प्रथम, भोजराज बारूपाल, चैनरूप भाटिया, कालूराम बारूपाल द्वितीय,



रतनलाल बारूपाल इत्यादि कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहेब की तस्वीर, मोमेंटो एवं अभिनन्दन पत्र से सम्मान किया। विधायक पूसाराम गोदारा का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। भूरामल सूणिया का भी साफा पहनाकर स्वागत किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। विधायक पुसाराम गोदारा ने 3 नंबर स्कूल के लिए एक कमरा, मेघवाल धर्मशाला में एक बड़ा हॉल व लाईब्रेरी बनाने की घोषणा की। मंच संचालन जगदीश बालानिया ने किया। अगराराम बारूपाल अध्यक्ष ज्ञान केलीया समाज सेवा संस्थान की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया।

## नसीम बरकाती का अभिनंदन समारोह आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शेरानी आबाद स्थित मदरसा से कारिआ की तालीम मुकम्मल कर लौटने पर सुजानगढ़ निवासी नसीम बरकाती को कलंदरान एज्यूकेशन एंड वेल्फेयर सोसायटी की ओर से सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद रफीक, उपाध्यक्ष हाजी रहीम बक्श खींवसर एवं मुमताज अली पठान बीकानेर सहित पदाधिकारियों ने कारिआ नसीम बरकाती को सम्मानित कर हौसला अफजाई की। इस दौरान नसीम बरकाती के पिता रौशन पठान का भी माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं कलंदरान एज्यूकेशन एंड वेल्फेयर सोसायटी के पदाधिकारियों का लोगों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। सोसायटी के प्रवक्ता मोहम्मद मोईनुद्दीन ने बताया कि कार्यक्रम में यूसुफ शैख, शौकत अली, अब्दुल अजीज पठान, अब्बास अली, मांगीलाल, उस्मान गनी, फजलुर्रहमान, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद सईद व मौलाना आदिल, मोहम्मद हनीफ काजी, पार्षद मोहम्मद सलीम, डीडवाना से मोहम्मद शौकत, जसवंतगढ़ से मेहबूब अली, लाडनूं से मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद यूसुफ व नियामत पठान, नागौर से हाजी अब्दुल सलाम व मोईनुद्दीन, बासनी से रजब अली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## दस्तावेज जमा करवाने पर दिव्यांगों को मिलेगी ट्राई साइकिल

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत गोपालपुरा में गुरूवार को होने वाले विधिक सेवा शिविर में क्षेत्र के दिव्यांग व्यक्तियों को ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, वृद्धजनों के स्टिक, हियरिंग एड आदि मिलेगी। समाज कल्याण अधिकारी बाबूलाल मायल ने बताया कि इसके लिए पहले ब्लॉक कार्यालय सुजानगढ़ में दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज जमा करवाने होंगे। इसके साथ ही दिव्यांग पेंशन हेतु दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाये जायेंगे तथा स्वावलंबन पोर्टल से ऑनलाइन भी किया जायेंगे।

## श्रीराम महायज्ञ की संत-महात्माओं की मौजूदगी में हुई पूर्णाहुति

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत हाथीदेह स्थित आत्माराम मंदिर में 2 फरवरी से संचालित 51 कुण्डात्मक 9 दिवसीय श्रीराम महायज्ञ की मंगलवार 10 फरवरी को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पूर्णाहुति हुई। इस मौके पर कालाकोटा दाऊधाम के परम संत बलदेव दास महाराज, निमोद धाम के संत कृष्णदास महाराज, त्रिवेणी धाम के संत रिछपाल दास महाराज के साथ-साथ अनेक संत-महात्मा मौजूद रहे। जहां आठवें दिन सोमवार को महायज्ञ में क्षेत्रीय विधायक एवं राजस्थान सरकार में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पंहुच कर प्रधान कुंड पर आहुति देकर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। वहीं सोमवार तक 21 लाख से ज्यादा की आहुतियों ने धार्मिक आस्था और विश्वास प्रदर्शित किया। मंदिर संत हनुमान दास महाराज, हरिदास महाराज एवं यज्ञाचार्य डॉ पण्डित कृष्ण शर्मा की विद्वान पण्डितों की टीम ने महायज्ञ को निर्विघ्न सम्पन्न करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यज्ञ आयोजन समिति के मक्खन गुर्जर, महेंद्र सिंह, मनोज स्वामी, प्रवीण सोनी, बलवीर सिंह, इंदर सिंह, कमलेश अग्रवाल, सुनील कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिन-रात एक करके श्रीराम महायज्ञ को निर्विघ्न सम्पन्न करवाने में अपनी जी-जान लगा दी। पूर्णाहुति के उपरांत संत-महात्माओं को प्रसादी ग्रहण करवाई गई एवं उन्हें दक्षिणा देकर सादर विदाई दी गई। विप्रजनों को भोजन-प्रसादी कराकर उनको विदा किया गया। यजमान जोड़ों को सादर विदाई दी गई। श्रद्धालुओं, भक्तगणों, ग्रामीणों ने पंगत-प्रसादी ग्रहण करके महायज्ञ के समापन के भावुक क्षणों को अपनी यादों में सहेजा।



## बुगाला के खेदड़ को मिला डॉक्टर्स ग्लोरी अवॉर्ड



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** एटरनल अस्पताल जयपुर के चेयरमैन इंटरनल मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर और सीनियर मेडिकल डायरेक्टर डॉ आरएस खेदड़ को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दैनिक भास्कर डॉक्टर्स ग्लोरी अवॉर्ड-2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें वर्षों से रोगी सेवा, क्रिटिकल केयर और चिकित्सा नेतृत्व में दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में राजस्थान सरकार के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने यह पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में चिकित्सा जगत से जुड़े कई वरिष्ठ चिकित्सक, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ खेदड़ ने अपने लंबे चिकित्सकीय करियर में इंटरनल मेडिसिन और क्रिटिकल केयर के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनके मार्गदर्शन में एटरनल अस्पताल ने गंभीर रोगियों के उपचार में नई पहचान बनाई है। रोगी हित को सर्वोपरि रखते हुए उन्होंने आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाने और सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में अहम भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि को संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए खेदड़ को बधाई दी और कहा कि उनका अनुभव, नेतृत्व और समर्पण युवा चिकित्सकों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## अपनायत : राजस्थानी संस्कृति को बचाने का दिया संदेश



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली का बहु-प्रतीक्षित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अपनायत का भव्य आयोजन विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित सफदर हाशमी एमपी थिएटर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान की साझा संस्कृति, अपनायत और आपसी भाईचारे की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर उम्मेदाराम बेनीवाल सांसद बाड़मेर, जामिया मिलिया इस्लामिया के कुलपति प्रोफेसर मजहर आसिफ, रजिस्ट्रार प्रोफेसर मेहताब आलम रिजवी तथा नूर फाउंडेशन के संरक्षक एवं सेवानिवृत्त डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ गुलाब नबी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से आए ख्यातनाम कलाकारों ने अपनायत, सामाजिक सौहार्द और भाईचारे पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में लाडनूं के डॉ गुलाब नबी का राजस्थानी तर्ज पर पारंपरिक आतिथ्य सत्कार किया गया। अपनायत कार्यक्रम में जहां गंगा-जमुनी तहजीब को सशक्त रूप देखने को मिला वहीं राजस्थानी संस्कृति को बचाने का संदेश भी दिया गया।

## अन्तर्राज्यीय नकबजन गिरोह का भंडाफोड़

**जयपुर ( नवयत्न )।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अन्तर्राज्यीय शातिर नकबजन गिरोह का पर्दाफाश किया है। विधायकपूरी पुलिस, साइबर सेल जयपुर दक्षिण एवं जिला स्पेशल टीम दक्षिण की संयुक्त कार्रवाई में दिल्ली और उत्तर प्रदेश से दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 25 लाख रुपये नकद व कीमती जेवरात बरामद किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अन्तर्राज्यीय शातिर नकबजन गिरोह के शान मोहम्मद उर्फ शानू निवासी मयूर विहार दिल्ली और शकील अहमद निवासी चांदपुर, जिला बिजनौर उप्र को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शान मोहम्मद एक कुख्यात अन्तर्राज्यीय अपराधी है, जिसके विरुद्ध चोरी, नकबजनी, लूट, मारपीट व आर्म्स एक्ट सहित 35 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं। उसे पूर्व में न्यायालय द्वारा दो बार सजा भी हो चुकी है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पहले सूने व बंद मकानों की रेकी करते थे। मौका मिलने पर नकबजनी कर वाहन की नंबर प्लेट बदल देते थे और चोरी की संपत्ति आपस में बांटकर ऐशो-आराम करते थे। पुलिस ने बताया कि प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही और खुलासे किए जाएंगे।

## खेल संस्थानों की चयन ट्रायल संपन्न



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सवाई मान सिंह स्टेडियम में राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित की जा रही अकादमियों, बालिका खेल संस्थानों की आठ दिवसीय चयन ट्रायल का अंतिम दिन था। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की सचिव नीतू बारूपाल ने बताया कि बालिका वालीबॉल अकादमी-जयपुर, बालक वालीबॉल अकादमी-झुंझुनू, बालिका आवासीय खेल संस्थान बॉक्सिंग खेल-जयपुर, बालिका आवासीय खेल संस्थान भारोत्तोलन खेल-जयपुर के लिये स्किल टेस्ट हुए। इन खेलो के लिये राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा गठित चयन समिति ने पूरी बारीकी से सब पर नजर रखी।

## तीन हजार की घूस लेते कांस्टेबल गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कोटा इंटेलिजेंस इकाई ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए गुमानपुरा थाने के एक कांस्टेबल को गिरफ्तार किया है। आरोपी कांस्टेबल जीतराम ने एक युवक को झूठे मुकदमे में नहीं फंसाने की एवज में रिश्वत की मांग की थी। महानिरीक्षक एसीबी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि परिवादी ने 9 फरवरी को शिकायत दर्ज कराई थी कि वह पहले बैंक रिकवरी का काम करता था। एक दिन जब वह अपने दोस्त की दुकान पर बैठा था। तब कांस्टेबल जीतराम वहां आया और उसे डराया-धमकाया। कांस्टेबल ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने और झूठे मुकदमे में नहीं फंसाने के बदले 8 हजार रुपये की डिमांड की। शिकायत में सामने आया कि आरोपी कांस्टेबल इतना बेखौफ था कि उसने 7 फरवरी को परिवादी से 5 हजार रुपये जबरन ले लिए थे। बाकी बचे 3 हजार रुपये के लिए वह लगातार दबाव बना रहा था।

# तुलसी यात्रा निकाल कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** लक्ष्मीनारायणपुरी बस्ती स्थित जोशीला हनुमान मंदिर परिसर में सकल हिन्दू समाज एवं हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन से जुड़े आलोक बालाहेड़ी ने बताया कि मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक प्रशांत कुमार थे। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति केवल पूजा-पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की समग्र व्यवस्था है। उन्होंने समाज को संगठित रहने, पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने तथा राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। स्वामी त्रिविक्रमाचार्य महाराज ने कहा कि हिन्दू समाज की शक्ति उसकी एकता, संस्कार और सेवा भाव में निहित है। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती की गई। सम्मेलन से पूर्व तुलसी यात्रा निकाली गई। तुलसी यात्रा में 1500 से अधिक मातृशक्ति सहित 2100 से अधिक बस्तीनिवासियों ने सहभागिता की। लक्ष्मीनारायण मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमानजी के चौराहे तक निकली यात्रा में महिलाओं ने सिर पर तुलसी कलश धारण कर सनातन संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण एवं पारिवारिक संस्कारों का संदेश दिया। सम्मेलन में नारायण बागड़ा, कुंज बिहारी, मीरा बाई, कार्यक्रम के सचिव मुकेश खण्डेलवाल, समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ता मोहन बालाहेडी, कुंज बिहारी कोयले वाले, उपाध्यक्ष श्याम बडाया, पवन ताम्बी, आलोक खण्डेलवाल, बस्ती प्रमुख लेखराज जांगिड़ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के विजन से मजबूत हुआ घरेलू व्यापार, बढ़ी वैश्विक पहचान : पीयूष गोयल

नई दिल्ली।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का व्यापार क्षेत्र तेजी से और ऐतिहासिक रूप से बदल रहा है। उन्होंने कहा कि देश का घरेलू व्यापार पहले से कहीं अधिक मजबूत हुआ है और साथ ही वैश्विक बाजारों में भारतीय उत्पादों के लिए नए अवसर खुले हैं, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिली है।

### सीएआईटी प्रतिनिधिमंडल से की बातचीत

यह बात पीयूष गोयल ने ऑल इंडिया ट्रेडर्स कन्फेडरेशन (सीएआईटी) के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान कही। यह प्रतिनिधिमंडल सांसद प्रवीण खंडेलवाल के नेतृत्व में वाणिज्य भवन में उनसे मिला था। मंत्री ने कहा कि आज भारतीय व्यापारी केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं।

### भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते का जिक्र

पीयूष गोयल ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच हाल ही में एक अहम अंतरिम व्यापार समझौते का ढांचा तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिका जैसे बड़े बाजार तक बेहतर पहुंच मिलेगी। अमेरिका का बाजार लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर से अधिक का माना जाता है।

### भारतीय व्यापार महोत्सव का होगा आयोजन

केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि सीएआईटी की ओर से 1 से 4 मई तक भारत मंडपम में 'भारतीय व्यापार महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'देशी सामान खरीदो और बेचो' के संदेश को देश और दुनिया तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



### वैश्विक मंच पर दिखेगी भारत की व्यापारिक ताकत

पीयूष गोयल ने कहा कि यह बड़ा आयोजन भारत के व्यापार, उद्योग और सेवा क्षेत्र की शक्ति और क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय व्यापार महोत्सव को इस तरह से आयोजित किया जाना चाहिए, जिससे यह भारतीय अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत करने में सहायक साबित हो।

### राष्ट्रीय व्यापार आयोजन का विचार

मंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष 25 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित सीएआईटी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक के दौरान उन्होंने ऐसे बड़े राष्ट्रीय व्यापार आयोजन का सुझाव दिया था, जिसे अब साकार किया जा रहा है।

### एमएसएमई और स्टार्टअप्स पर फोकस

बैठक के दौरान स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, छोटे और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई), स्टार्टअप्स और कारीगरों को डिजिटल भुगतान, बड़े बाजारों तक पहुंच और व्यापारिक नेटवर्किंग के माध्यम से सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई।

### 'मेक इन इंडिया' और 'लोकल टू ग्लोबल' को मिलेगा बल

पीयूष गोयल ने कहा कि ये सभी प्रयास प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' और 'लोकल टू ग्लोबल' विजन को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि देश के दूर-दराज क्षेत्रों के उद्यमियों को विशेष पहचान और अवसर दिए जाने चाहिए, ताकि उनके स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार मिल सकें।

### 2,200 स्टॉल और 10 लाख आगंतुकों की उम्मीद

अखिल भारतीय व्यापारी संघ (सीएआईटी) के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि चार दिन तक चलने वाले इस व्यापार महोत्सव में करीब 2,200 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें देशभर के उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव में लगभग 10 लाख लोगों के आने की उम्मीद है, जिनमें करीब 2 लाख व्यापारी और कारोबारी शामिल होंगे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत-अमेरिका ट्रेड डील

## फार्मा सेक्टर की पकड़ होगी मजबूत

नई दिल्ली।

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर जहां कई सेक्टरों में अनिश्चितता बनी हुई है, वहीं फार्मा सेक्टर ऐसा क्षेत्र है जो पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहा है। कम लेबर कॉस्ट और सस्ती दवा निर्माण क्षमता के चलते भारत पहले से ही अमेरिकी बाजार के लिए एक अहम सप्लायर बना हुआ है। ऐसे में अमेरिका की भारत पर निर्भरता मजबूत बनी हुई है, जो इस ट्रेड डील के बाद और बढ़ने की उम्मीद है।

**अमेरिका में भारतीय दवाओं की मजबूत मौजूदगी**-जोटा हेल्थकेयर के चेयरमैन केतन जोटा ने बातचीत में कहा कि अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा एफडीए-अप्रूव्ड फार्मा प्लांट भारत में हैं। भारत से बड़ी मात्रा में जेनरिक दवाएं, लाइफ सेविंग और क्रॉनिक बीमारियों से



जुड़ी दवाएं अमेरिका को निर्यात की जाती हैं।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित ट्रेड डील के तहत भारत को एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक सफलता मिली है, क्योंकि टैरिफ जैसे मामलों में अमेरिका आमतौर पर समझौते के लिए तैयार नहीं होता। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रोटोकॉल और संतुलित बातचीत के जरिए एक लाभकारी ढांचा तैयार किया गया है, जिससे दोनों देशों को फायदा होगा।

केतन जोटा ने बताया कि भारत से अमेरिका को मुख्य रूप से लाइफस्टाइल और क्रॉनिक बीमारियों से जुड़ी दवाओं का निर्यात किया जाता है। इनमें डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, थायराइड जैसी बीमारियों की दवाएं शामिल हैं, जिनकी मांग अमेरिकी बाजार में लगातार बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि भारतीय फार्मा कंपनियों की गुणवत्ता, लागत और समय पर सप्लाई की क्षमता ने अमेरिका जैसे बड़े बाजार में भारत की साख को और मजबूत किया है। केतन जोटा ने यह भी कहा कि यूरोपीय संघ के साथ हुई ट्रेड डील से भारतीय फार्मा सेक्टर को बड़ा लाभ मिलने वाला है। इस समझौते के तहत एक्सपोर्ट पर ड्यूटी शून्य प्रतिशत कर दी गई है।

## स्कूल में बैग वितरित, पुरस्कार की घोषणा



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शहीद भंवरलाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झटावा खुर्द में शहीद परिवार की ओर से विद्यालय में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों को बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर शहीद वीरांगना संतोष देवी ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर लक्ष्य निर्धारित करने तथा बोर्ड व स्थानीय परीक्षाओं में श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। शहीद वीरांगना संतोष देवी ने कक्षा 10वीं व 12वीं में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 11000, 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वालों को 5100, 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वालों को 2100 नकद पुरस्कार देने तथा 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को चांदी का मेडल देने की घोषणा की। कार्यक्रम के प्रेरक अध्यापक सुभाष कुमार रहे। कार्यक्रम का संचालन उपप्रधानाचार्य मुंशी खां ने किया, जिन्होंने शहीद परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शहीद परिवार की ओर से संदीप मीणा, डॉ प्रदीप मीणा, डॉ सुनीता सहित समस्त विद्यालय स्टाफ तथा ग्रामीण हरलाल सिंह, सुरेश कुमार, हरिराम, सुनील, भागीरथ धुवां सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## दिव्यांग सेवा संस्थान की बैठक आयोजित



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान दिव्यांग सेवा संस्थान झुंझुनू की मासिक बैठक शहीद करणी राम रामदेव पार्क कोर्ट सर्किल झुंझुनू में की गई। संस्थान प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार सिरोवा ने बताया कि बैठक में दिव्यांग योजनाओं की जानकारी देकर फॉर्म तैयार किया। नेत्रहीन दिव्यांग पवन कुमार शर्मा पीएचडी करने के लिए संस्थान ने 12500 तथा नदीम खिलजी की बहन के कन्यादान के रूप में पांच हजार रूपये का चेक संस्थान द्वारा दिया गया। दिव्यांग राहुल कुमार बड़ागांव को ट्राई साईकिल दी गई। बैठक में दिव्यांग नंदकिशोर जो शादी की है उन्हें संस्थान के मेंबर्स द्वारा साफा व माला पहना कर स्वागत किया। बैठक में अध्यक्ष पृथ्वीराज, कोषाध्यक्ष बाबूलाल कुमावत, शोयब लंगा, रमेश काला, राकेश जांगिड़, पूजा कुमारी, बाबूलाल शर्मा, वसिम खां, प्रदीप राठौड़, नंदकिशोर टेलर, मुकेश कुमार, रिछपाल, राकेश शर्मा, सुभीता, खातून, विकास कुमार, सुशील पूनिया तथा संगीता आदि दिव्यांग मौजूद रहें।

## हिंदू सम्मेलन को लेकर पोस्टर का विमोचन




राजलदेसर (नवयत्न)।

कस्बे में माधव बस्ती में हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर श्री राजलदेसर गौशाला में पोस्टर का विमोचन किया गया। 17 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। हिंदू सम्मेलन समाज को संगठित करने, सांस्कृतिक चेतना के जागरण तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सशक्त पहल है। हिंदू सम्मेलन 3 बजे संत भोला बाबा बगीची में संतों के सानिध्य में आयोजित होगा। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक धीरेंद्र सिंह, जिला शारिरिक प्रमुख भागीरथ, संघ के धनराज सैन, ललित दाधीच, ललित प्रजापत, पवन बोथरा, विष्णु प्रजापत, पवन मारू, हेमराज प्रजापत, पवन प्रजापत, कमल कटारिया, श्रवण गौड़, भवानी सैनी, राधेश्याम पाण्डे, ओमप्रकाश बामनिया आदि मौजूद रहे।

## राइजिंग लाइन लिकेज से रोज बह रहा मीठा पानी



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के किठाना गांव में चांदनी चौक में राइजिंग लाइन के लीकेज होने से गत एक माह से व्यर्थ में मीठा पानी बह रहा है । पानी की सप्लाई राइजिंग लाइन के जरिए घरों में हो रही है। जलदाय विभाग 24 घंटे में एक बार पेयजल आपूर्ति के लिए सप्लाई लाइन खोलता है। तभी इस पाइपलाइन से हजारों लीटर पानी व्यर्थ में बह जाता है । यह पानी मुख्य चौक में भर जाता है जिससे आने जाने वाले राज्यों को रात के समय स्ट्रीट लाइट नहीं होने के कारण कई बार इस पानी के बीचों बीच चलने से कपड़े गंदे हो जाते हैं। जलदाय विभाग के कर्मचारियों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन वह इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस टूटी हुई पाइपलाइन के लीकेज को ठीक करवाया जाए जिससे पानी का अपव्यय रोका जा सके। पाइपलाइन ठीक करने की मांग करने वाले अरविंद धनखड़, अमित, अनुज बेनीवाल, जितु जोगी डीजे, कपिल महाराज, राहुल सचिन आदि मौके पर उपस्थित थे।

# अवैध गैस रिफिलिंग गिरोह का भंडाफोड़

## 52 सिलेंडर और पिकअप के साथ दो गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के सांगानेर इलाके में घरेलू गैस सिलेंडरों से ऑटो रिक्शा में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करने वाले एक बड़े गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। जयपुर पूर्व जिला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नागौर निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 52 घरेलू गैस सिलेंडर, चार इलेक्ट्रिक मोटर और एक पिकअप गाड़ी बरामद की है।

### खाली प्लॉट में चल रहा था रिफिलिंग का खेल

पुलिस उपायुक्त पूर्व संजीव नैन ने बताया कि सांगानेर क्षेत्र में अवैध गैस रिफिलिंग की सूचना मिलने पर एसीपी सांगानेर हरि शंकर शर्मा और थानाधिकारी लिखमाराम के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने डीएसओ के साथ मिलकर दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। सूर्य नगर बी-2 बाइपास के पास एक खाली प्लॉट में दबिश देकर पुलिस ने 13 घरेलू सिलेंडर और रिफिलिंग में प्रयुक्त उपकरण जब्त किए। यहां से आरोपी अनिल विश्नोई को गिरफ्तार किया गया। नारायण विहार प्रताप नगर के सेक्टर-3 में की गई दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने 39 सिलेंडर 29 खाली व 10 भरे हुए और सप्लाई के काम में ली जाने वाली एक पिकअप गाड़ी जब्त कर आरोपी दिनेश विश्नोई को गिरफ्तार किया।

### एनडीपीएस और मारपीट के पुराने मामले भी दर्ज

पकड़े गए आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। आरोपी दिनेश विश्नोई के खिलाफ पूर्व में मारपीट और अवैध रिफिलिंग के मामले दर्ज हैं। वहीं आरोपी अनिल विश्नोई एक आदतन अपराधी है जिसके खिलाफ भीलवाड़ा, चूरू, नागौर, फलोदी, श्रीगंगानगर और बीकानेर के विभिन्न थानों में 7 मामले दर्ज हैं, जिनमें से अधिकांश एनडीपीएस एक्ट के तहत हैं।

### आवश्यक वस्तु अधिनियम में मामला दर्ज

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के अन्य नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# फागोत्सव मनाया

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** फाल्गुन मास के पावन माह में मंदिर श्री राधामोहन जी दुर्गापुरा में फागोत्सव मनाया। महंत जगदीश शर्मा ने बताया कि फागोत्सव के मौके पर ठाकुरजी का फूलों से विशेष श्रंगार किया गया, ठाकुरजी को गुलाल अर्पित कर झांकी सजाई गई। महिला मंडल दुर्गापुरा द्वारा फागोत्सव में महिलाओं ने ठाकुरजी के समक्ष नृत्य करके अपनी हाजिरी लगाई । महोत्सव के अंदर राधा और कृष्ण की फाग की स्वरूप झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें नन्द बाबा रा लाडला होली के रसिया सांवरा, पाछ से मटकी फोड़ी, आज बिरज में होली रे रसिया के भजनों के साथ मंदिर प्रांगण में फूलों की होली खेली। भगवान की महाआरती के पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

# सहायक अभियंता ने गौरव पथ निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विकास यादव ने कस्बे में चल रहे गौरव पथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यादव ने मौके पर जाकर निर्माण सामग्री की गहनता से जांच की। जांच में निर्माण कार्य सही पाया गया। उन्होंने कस्बे वासियों से निवेदन करते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे, लोग उनको रोकने की कोशिश कर रहे है इसलिए अफवाहों पर ध्यान न दें अगर वास्तव में कोई कमी नजर आये तो हमें सूचित करें ताकि उसमें सुधार किया जा सके। इस मौके पर उनके साथ कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार वर्मा भी साथ रहे।

# राष्ट्रीय महिला दिवस और नारी शक्ति

नवयत्न।

हम 13 फरवरी को राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाते है । इस दिन 1879 में सरोजिनी नायडू का हैदराबाद में जन्म हुआ था। जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान असहयोग आंदोलन, नमक आंदोलन जैसे आंदोलनो में भाग लिया। तथा अपने जीवन में महिलाओ के अधिकारों और मुक्ति के लिए संघर्ष किया। अपनी लय बद्ध कविता रचनाओं के कारण प्रख्यात कवयित्री के साथ साथ नाईटेंगल ऑफ इंडिया के नाम से उन्हें महात्मा गांधी के द्वारा पुकारा गया। इतना ही नहीं सरोजिनी नायडू सन् 1925 में कांग्रेस पार्टी की पहली महिला अध्यक्ष भी बनी और कानपुर अधिवेशन की अध्यक्षता की। तथा देश ब्रिटिश शासन से मुक्त होने के बाद संयुक्त प्रांत जो वर्तमान उत्तर प्रदेश है उसकी पहली राज्यपाल भी बनी और देश में पहली महिला राज्यपाल बनने का गौरव सरोजिनी नायडू जी ने हासिल किया। उनका एक विशेष नारा भी रहा जो इस प्रकार से है सच्ची स्वतंत्रता वही है, जहाँ भय और शोषण का स्थान न हो। 2 मार्च 1949 को हृदयाघात के कारण राज्यपाल रहते हुए उनकी मौत हो गई। नायडू एक महिला शक्ति का चेहरा थी। इसलिए उनकी याद के लिए और नारी शक्ति के प्रतीक दिन के लिए हमारे देश में 13 फरवरी को राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय पटल पर विश्व महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है। मेरे इस निबंध के माध्यम से राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला शक्ति पर कुछ विशेष बिंदु इस प्रकार से है।

### वैदिक काल में नारी की स्थिति

वैदिक काल में महिलाओं को समाज में काफी ऊंचा स्थान प्राप्त था। उन्हें अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त थी। वे धार्मिक पूजा पाठ, कर्मकांडो में भाग लेने के साथ साथ, धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराने वाले पुरोहितों और ऋषियों के रूप में भी भाग लेती थी। उस काल की प्रसिद्ध विद्वान महिलाएं गार्गी, लोपामुद्रा, अदिति, रोमशा, अपाला, जुहू, वागाम्भृणी, विश्ववारा, शश्वती, सूर्या, इन्द्राणी, इन्द्रमातर, इन्द्रस्नुषा, रात्रि, सार्पराज्ञी, यमी जैसे अनेक नाम के रूप में नारी शक्ति के रूप में जानी गई। और नारी का समाज में एक विशेष महत्व था। जिसे संस्कृत श्लोक में इस प्रकार से वर्णन किया गया है-

**यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:।**
**यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला: क्रिया ।**

अर्थात नारी का पूजन जहां है वही देवताओं का निवास बताया गया।

गुप्तकाल व मध्यकाल की नारी शक्ति देश के इतिहास में पहली महिला शासक के रूप में अनेक नाम आते है जैसे प्रभावती गुप्त, रानी दिद्दा, रूद्रमा देवी से लेकर रजिया सुल्तान तक। नारी जाती ने समय समय पर शासन की बागडोर भी संभाली। हालांकि मध्यकाल में नारी की स्थिति दयनीय होती गई। दासी प्रथा, पुरूष प्रधान समाज, बहु पत्नी प्रथा, कन्या वध, दहेज प्रथा। इत्यादि

### मध्यकाल उपरांत और आधुनिक भारतीय नारी शक्ति

इस काल में झांसी की रानी लक्ष्मी बाई जिसने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजों के खिलाफ तलवार उठाई थी और स्वतंत्रता संग्राम को एक नारी शक्ति के रूप में तेज धार दी। इसलिए महिला दिवस पर सुभद्रा कुमारीचौहान की कविता कि पंक्तियां याद आ जाती हैं जैसे-

**चमक उठी सन् सत्तावन में,**
**वह तलवार पुरानी थी,**
**बुंदेले हरबोलों के मुँह,**
**हमने सुनी कहानी थी,**
**खूब लड़ी मर्दानी,**
**वह तो झाँसी वाली रानी थी।**

**सावित्रीबाई फूले**

सावित्रीबाई फुले जी का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। इनके पिता का नाम खन्दोजी नैवेसे और माता का नाम लक्ष्मीबाई था। सावित्रीबाई फुले जी का विवाह 1841 में महात्मा ज्योतिराव फुले से हुआ था। सावित्रीबाई फुले जी समाज के विकट ताने बाने और कष्टों के विरुद्ध लड़ कर, शिक्षा हासिल की और भारत की पहली महिला शिक्षिका बनी। भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल महिला शिक्षिका और पहले किसान स्कूल की संस्थापक बनी। देश की पूर्व प्रधान मंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने उनके सम्मान में एक बार कहा था कि अगर देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले जी नहीं होती तो आज मैं देश की प्रधान मंत्री नहीं होती। हालांकि अभी तक उन्हें देश का सबसे बड़ा पुरस्कार भारत रत्न नहीं मिला है।

### देश की कार्यपालिका और व्यवस्थापालिका में नारी शक्ति

देश की प्रथम महिला प्रधान मंत्री के रूप में स्व. प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी देश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी, पहली महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, पहली लोकसभा स्पीकर के रूप में मीरा कुमारी ऐसे ही नारी शक्ति के देश में अनेक उदाहरण है जैसे- वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, बंगाल सीएम ममता बनर्जी, पूर्व सीएम राजस्थान वसुंधरा राजे, देहली सीएम रेखा गुप्ता, दिल्ली की पूर्व सीएम और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज जैसे अनेक प्रख्यात नामों को नारी सशक्तिकरण के रूप में जाना जाता है। देश की पहली लोक सभा में और राज्य सभा में महिलाओं की संख्या क्रमश: 22 और 15 थी जो वर्तमान लोकसभा और राज्यसभा में 75 और 42 है। इसी प्रकार से प्रशासनिक सेवाओं और विदेश सेवाओं में भी महिलाओ की बड़ी भागीदारी लगभग देखने को मिलती है।

### न्याय के क्षेत्र में नारी का सशक्तिकरण

न्याय के क्षेत्र में देश की नारी शक्ति ने अपनी उल्लेखनीय छाप छोड़ी है। देश में पहली महिला न्यायधीश बनने का श्रेय स्व. अन्ना चांडी को जाता है। तथा देश के सुप्रीम कोर्ट की जज बनने का ये गौरव जस्टिस फातिमा बीबी को हासिल है। इसी प्रकार से आगामी चीफजस्टिस कॉलेजियम सूची में न्याय मूर्ति बी. बी. नागरत्ना का नाम शामिल है। शायद 2027 तक सुप्रीम कोर्ट की चीफ जस्टिस बनने की भी उनकी संभावना है। इसी प्रकार से देश में बहुत सी महिलाएं वकालत में एक उम्दा पेशेवर के रूप में कार्य कर रही हैं। इसी कड़ी में सुप्रीम कोर्ट की वकील सीमा समृध्दि कुशवाहा का नाम है। जिसने निर्भया हत्याकांड को न्याय की चौखट तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी और दोषियों को फांसी के फंदे तक पहुंचा कर, अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भी नारी शक्ति का परिचय दिया और आज देश में एक प्रख्यात सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट है।

### चिकित्सा, अंतरिक्ष विज्ञान, रक्षा, पत्रकारिता के क्षेत्र में महिलाओ की भागीदारी

आज चिकित्सा, विज्ञान, अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर विज्ञान, इंजीनियरिंग के क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही हैं। ये नारी सशक्तिकरण का ही रूप है। देश में पश्चिमी चिकित्सा पद्धति से पहली महिला डॉक्टर बनने का गौरव आनंदी बाई गोपाल जोशी को जाता है तथा अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने का श्रेय टेसी टामस को जाता है। जिन्होंने अग्नि मिसाइल वैरियंट 4 और 5 का नेतृत्व किया। इसरो में काम करते हुए देश के मिसाइल रक्षा तंत्र को मजबूत करने में योगदान दिया है। देश के सेना में अधिकारी से लेकर एक जवान तक महिलाएं अपने शौर्य का परिचय दे रही है। एक लड़ाकू विमान की पायलट से लेकर, बीएसएफ में सीमा पर प्रहरी और पेट्रोलिंग में भाग लेती महिलाएं, अटारी बाघा बॉर्डर पर प्रेड में भाग लेती महिलाएं, गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस पर, राजधानी दिल्ली में परेड में भाग लेती महिलाएं और विभिन्न टोलियों का नेतृत्व करती महिलाएं नारी शक्ति की ही प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर हेलीकॉप्टर पायलट व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉफ्रेंस देश, दुनिया के सामने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी और देश की एकता, समरसता का संदेश एक देवी के रूप में दिया। आज पत्रकारिता के क्षेत्र में एक बेस्ट एंकर के रूप में देश में नामचीन हस्तियों के रूप में अंजना ओम कश्यप और श्वेता सिंह का नाम आगे है।

### केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देने वाली विभिन्न योजनाएं

उच्च शिक्षण संस्थाओं में महिला आरक्षण, महिला छात्र वृति योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी स्कीम, मिशन इंद्र धनुष, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महिला हेल्प लाइन नंबर, महिला शक्ति केंद्र, विभिन्न स्टैंड अप कार्यक्रम तथा 2023 में केंद्र सरकार द्वारा लाया गया 128 वां संशोधन विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम जो लोक सभा और राज्य सभा में महिलाओ को एक तिहाई आरक्षण की गारंटी देता है। नारी सशक्तिकरण में और उनकी भागीदारी में एक मील का पत्थर साबित होगा।

### निष्कर्ष

केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस पर सरकारी और अर्द्ध सरकारी संस्थानों, विभागों और मंत्रालयी स्तर पर महिला सशक्तिकरण हेतु अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है और देश की नारी शक्ति ईमानदारी से देश के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के अथक, निरंतर प्रयासरत है और आगे बढ़कर भाग ले रही हैं। नारी ने समाज के विकास में सदैव अपना योगदान दिया है। नारी को समाज में देवी लक्ष्मी के रूप में पूजा गया है। एक शिक्षित नारी का पूरे परिवार और समाज पर असर पड़ता है। इसलिए वर्तमान समय में नारी की शिक्षा का आधार भारतीय समाज संस्कृति हो और दक्षता विश्व स्तर की हो। जब इन दोनों तत्वों का, दोनों गुणों का सामंजस्य बना रहेगा तो सदैव नारी की सशक्तिकरण के अनेक रूपों में जैसे लक्ष्मी, देवी, मातृ शक्ति आदि रूपों में पूजाए वंदना होती रहेगी। जय मां भारती।

लेखक :
**संजय सैनी**
अलसीसरिया, सीनियर ट्रेन मैनेजर, रेलवे
जिला- झुंझुनू



# डेली फ्रेश फ्रूट्स इंडिया प्राइवेट का डेली ब्रांड के फ्रूट-बेस्ड और कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स लॉन्च



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में डेली फ्रेश फ्रूट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने डेली ब्रांड के फ्रूट-बेस्ड और कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स की लॉन्चिंग की। इस अवसर पर कंपनी के नॉर्थ जोनल हेड संजीव कालिया और रीजनल हेड प्रदीप व्यास ने बताया कि हमारी कंपनी ग्रीन एनर्जी पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कार्य करती है। दक्षिण भारत के सभी राज्यों में डेली ब्रांड के फ्रूट-बेस्ड और कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स एक प्रतिष्ठित नाम बन चुके हैं, जहाँ कंपनी मार्केट लीडर के रूप में स्थापित है। डेली अपने उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता और ड्रिंक्स में श्हाई पल्प कंटेंट (फलों के अधिक गूदे) के लिए जानी जाती है। कंपनी अपने व्यापारिक भागीदारों के लिए हर स्तर पर आकर्षक मार्जिन सुनिश्चित करती है। स्थानीय गतिविधियों और प्रचार कार्यक्रमों के लिए कंपनी ने मजबूत रणनीति तैयार की है। बहुत जल्द डेली राजस्थान के हर घर में एक भरोसेमंद नाम बनकर उभरेगा। वर्तमान में कंपनी के उत्पादों को उत्तर भारत के कई राज्यों में लॉन्च किया जा रहा है। इसी विस्तार के तहत जयपुर राजस्थान में यूआर एंटरप्राइजेज मॉडल टाउन जगतपुरा पर आधिकारिक लॉन्चिंग की गई है। लॉन्च कार्यक्रम सुपर स्टॉकिस्ट मैसर्स यूआर एंटरप्राइजेज में आयोजित किया गया। जिसमें रिजनल हेड प्रदीप व्यास, एरिया मैनेजर दिलीप सिंह, जय सिंह और कंपनी के अन्य वरिष्ठ प्रबंधक उपस्थित रहे।

# ब्रहमलीन संत मेलादास महाराज की चरणपादुका को करवाया नगर भ्रमण

निसं




**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के सीकर-नोखा रोड स्थित तपोधाम संत दादूदयाल आश्रम के महामंडलेश्वर संतश्री मेलादास महाराज के ब्रहमलीन होने के उपरांत सत्रवी पर मंगलवार देरशाम कस्बे के राजेंद्र-सुरेंद्र चौरडिया स्टेडियम में दादू धाम नरेना के पीठाधीश्वर ओमप्रकाश दास महाराज के सानिध्य में संत महात्माओं और दादूपीठ की जमातों के आगमन के पश्चात स्टेडियम में ब्रहमलीन संत मेलादास महाराज की चरण पादुका का सामुहिक पूजन किया गया। उसके बाद ब्रहमलीन संत मेलादास महाराज के परम शिष्य तपस्वीदास महाराज हाथी के सिंहासन पर चरणपादुका लेकर नगर भ्रमण के लिए निकले। विशाल जुलूस के रूप में हाथी, घोड़ा, रथ, ऊंट, बग्गी और गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरी तो कस्बेवासियों ने एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर जेसीबीयां लगाकर चरणपादुका और साधुसंतों का फूल बरसाकर स्वागत किया। विशाल शोभायात्रा को देखने के लिए कस्बेवासियों का हुजूम उमड़ पड़ा।

शोभायात्रा स्टेडियम से शुरू होकर पुराना बस स्टैंड, रामद्वारा, मंडी बाजार, गांधी चौक, रामदेव मंदिर होते हुए दादू द्वारा पहुंची। शोभायात्रा के दौरान लालसोट के खंडेतो ने जगह-जगह सौर्य प्रदर्शन किया। जुलूस में हजारों कस्बेवासी मौजूद रहें। वहीं बुधवार को दादूदयाल आश्रम में विशाल संत सम्मेलन, महाराजश्री के शिष्य तपस्वीदास का चादर दस्तूर और विशाल भण्डारे का आयोजन होगा।



# हिन्दू सम्मेलन आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुरलीपुरा स्थित शिव नगर बस्ती में पर्यावरण संरक्षण, नागरिक शिष्टाचार एवं सामाजिक समरसता के संदेश के साथ हिन्दू सम्मेलन का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और अनुशासनपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में लगभग 1500 मातृशक्ति एवं 250 पुरुषों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दो कलश यात्राओं का मिलन रहा, जिसने पूरे क्षेत्र को धर्ममय वातावरण से सराबोर कर दिया। सम्मेलन में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों लोकगीतों, भजनों एवं धार्मिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता अशोक शर्मा ने पंच परिवर्तन की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके माध्यम से हिन्दू समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हिन्दू संस्कृति के मूल संस्कारों में समाहित है। लोहार्गल पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के संरक्षण में मातृशक्ति की भूमिका सदैव सर्वोपरि रही है। प्रत्येक युग में मातृशक्ति ने धर्म और संस्कृति की रक्षा का दायित्व निभाया है। विद्याधर शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।



# पुलिस मुख्यालय में गूंजा लर्निंग का मंत्र

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस मुख्यालय में मिनिस्टीरियल स्टाफ की कार्यक्षमता और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। 9 और 10 फरवरी को आयोजित इस सत्र में पुलिस विभाग के लगभग 100 मंत्रालयिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जहाँ उन्हें फाइलों के प्रबंधन के साथ-साथ लोक व्यवहार की बारीकियां सिखाई गई।

### एक्टिविटी के जरिए सीखीप्रभाव डालने की कला

उप महानिरीक्षक पुलिस ट्रेनिंग शरद चौधरी ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल व्याख्यान तक सीमित नहीं था बल्कि पूरी तरह से एक्टिविटी बेस्ड रहा। मुख्य ट्रेनर शैलेंद्र सिंह चौहान मैट्रिक्स ट्रेनिंग सॉल्यूशन ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्टाफ को इन्फ्लुएंशियल स्किल्स के 6 सिद्धांतों से रूबरू कराया। इसमें यह सिखाया गया कि कैसे एक कर्मचारी अपने व्यवहार से सकारात्मक प्रभाव छोड़ सकता है और आपसी सामंजस्य बैठाकर एक टीम की तरह काम कर सकता है।

### मोबाइल से दूरी, किताबों से नजदीकी

समापन समारोह के मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस ट्रेनिग अनिल पालीवाल ने अपने संबोधन में आधुनिक जीवनशैली और कार्यप्रणाली पर गहरा प्रहार किया। उन्होंने डिजिटल युग की चुनौतियों का जिक्र करते हुए विशेष आग्रह किया कि खाली समय में मोबाइल की स्क्रीन पर वक्त गंवाने के बजाय किताबों से नाता जोड़ें। ज्ञान की वृद्धि के लिए निरंतर पढ़ना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जो कुछ आपने यहाँ सीखा हैए उसे दफ्तर के काम में इम्प्लीमेंट करें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन उप महानिरीक्षक पुलिस ट्रेनिंग शरद चौधरी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। यह सत्र पुलिस मुख्यालय और जयपुर स्थित मैट्रिक्स ट्रेनिंग सॉल्यूशन के आपसी समन्वय का परिणाम था। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने माना कि इस तरह के सत्रों से न केवल उनके काम करने का तरीका बदलेगा, बल्कि तनाव कम करने और टीम भावना बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

# शेखावाटी कलाकारों की धरती : चोपदार

## रिदम ऑफ यूथ नृत्य, पेंटिंग प्रतियोगिता में दिखाया कला का जादू

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जगदीश प्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय विद्या नगरी (जेजेटी यूनिवर्सिटी) में मंगलवार को रिदम ऑफ़ यूथ 2026 प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्य अतिथि मदरसा बोर्ड राजस्थान के अध्यक्ष एमडी चोपदार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि सुमन देवी उपखंड अधिकारी मलसीसर थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चोपदार ने कहा कि शेखावाटी धरती वीरों की धरती है, कलाकारों की धरती है, यहां के कलाकारों ने पूरे देश और दुनिया में तहलका मचा रखा है। उन्होंने कहा राजस्थान, हरियाणा, पंजाब के कलाकारों का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह अपनी कला का प्रदर्शन कर अपने परिवार और अपने जिले का नाम रोशन करें उन्होंने कहा गंगा जमुनी तहजीब और संतों की धरती पर वे सभी आए हुए कलाकारों का अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कुरजा जैसी संस्कृति का भी जिक्र किया। विशिष्ट अतिथि मलसीसर उपखंड अधिकारी सुमन देवी ने कहा कि जिन विद्यार्थियों में कला है उनको खुलकर मंच पर अपना हुनर दिखाना चाहिए और शिक्षा के साथ-साथ अपनी रुचि अनुसार प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा महिलाओं को पहले उच्च शिक्षा के लिए बड़े शहरों में जाना पड़ता था लेकिन आज चुड़ैला जैसे ग्राम में उन्हें उच्च शिक्षा मिल रही है यह राजस्थानी सेवा संघ ट्रस्ट का बहुत ही सराहनीय कदम है । इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रेसिडेंट डॉ मधु गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी और कहा कि अपना टैलेंट मंच पर प्रस्तुत कर सके। इसके लिए विद्यार्थियों को हमने मंच पर आने का मौका दिया है यह कार्यक्रम हमेशा जारी रहेगा। इस अवसर पर चेयरपर्सन डॉ विनोद टीबड़ेवाला एवं उमा विशाल टीबड़ेवाला ने भी देश भर से आए हुए सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को मुंबई से ऑनलाइन शुभकामनाएं प्रेषित की।

रजिस्ट्रार डॉ अजीत कुमार एवं खेल निदेशक डॉ अरुण कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और विजेताओं के नामों की घोषणा की। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन नृत्य एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें विजेताओं को सुशील नेहरा, अजय कुमावत एवं प्रियंका कुमावत द्वारा प्रथम नकद पुरस्कार 11000, द्वितीय पुरस्कार 5100, तृतीय पुरस्कार 3100 तथा स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों के मनोरंजन के लिए हरियाणा से गायक अमित ढुल, गायक मन्नू पहाड़ी व मुकेश डुलगच ने सभी का मनोरंजन किया। संचालन डॉ ए. शाहिदा एवं डॉ आरती पंवार ने किया। इस अवसर पर इंजीनियर बीके टीबड़ेवाला, प्रेमलता टीबड़ेवाला, मुख्य वित्त अधिकारी डॉ अमन गुप्ता, डॉ इकराम कुरैशी, खेल निदेशक डॉ अरुण कुमार, डॉ डॉ अनिल कड़वासरा, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ रामनिवास सोनी, डॉ धर्मेन्द्र कुमार, डॉ धनेश कुमार मीणा, डॉ अनन्ता शांडिल्य, डॉ नाजिया हुसैन, डॉ वीडी गुप्ता, कपिल जानू उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव रिदम ऑफ यूथ में विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम

इंडियन फोक डांस एकल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टैगोर पीजी कॉलेज, सूरजगढ़ की मानसी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी की मनस्वी कंवर ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान वर्षा टीटी कॉलेज, झुंझुनू की मीनाक्षी पारीक को प्राप्त हुआ। वेस्टर्न डांस



एकल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जेजेटी यूनिवर्सिटी की कोमल गोठवाल ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर बॉम्बे हॉस्पिटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ऐलना फिलिप ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान संयुक्त रूप से जेजेटी यूनिवर्सिटी की साक्षी राजपूत और कोमल जांगिड़ ने प्राप्त किया। इंडियन फोक डांस ग्रुप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जेजेटी यूनिवर्सिटी के ग्रुप ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान मुंबई हॉस्पिटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, इंदौर के ग्रुप ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान विश्व राज्य इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग, पुणे के ग्रुप ने प्राप्त किया। वेस्टर्न डांस ग्रुप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जेजेटी यूनिवर्सिटी के ग्रुप ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान जीएसएफसी यूनिवर्सिटी, वडोदरा के ग्रुप को मिला। तृतीय स्थान गवर्नमेंट लोहिया कॉलेज, चूरू के ग्रुप ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान केदारनाथ मोदी राजकीय महाविद्यालय, गुढ़ागौड़जी की अर्पणा एवं राधिका के ग्रुप ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान राजस्थान यूनिवर्सिटी के सौरभ, लुभावनी, तनु और सपना ने हासिल किया। तृतीय स्थान संयुक्त रूप से केएन कॉलेज सीकर की खुशबू शर्मा तथा जेजेटी यूनिवर्सिटी की तस्लीम एवं पायल को मिला। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान जयपुर के सौरभ यादव ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान केदारनाथ मोदी राजकीय महाविद्यालय गुढ़ागौड़जी की राधिका ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान संयुक्त रूप से गिन्नी देवी सत्यनारायण शेखरिया गर्ल्स पीजी कॉलेज चिड़ावा की दिव्या शर्मा तथा जेजेटी यूनिवर्सिटी की काजल कंवर को मिला।

## दहशत फैलाने वाले दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी के मालवीय नगर क्षेत्र में एक परिवार पर हमला कर कॉलोनी में दहशत का माहौल बनाने वाले दो कुख्यात हिस्ट्रीशीटरों को जयपुर पूर्व जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर आचित्य सिंह पंवार उर्फ हनी टाइगर और मनीष सैनी को दबोचा है। दोनों आरोपियों के खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में कुल 42 संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि 28 जनवरी 2026 की रात मनीष सैनी, अक्षय सैनी, हनी टाइगर, रोहित वर्मा व अन्य साथियों ने मालवीय नगर निवासी किशन मीणा के घर पर हमला किया था। आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों और मकान में तोड़फोड़ की, परिवार के सदस्यों को जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और गोली मारने की धमकी दी। इस घटना के संबंध में थाना जवाहर सर्किल में बीएनएस एवं एससी/एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। एसीपी मालवीय नगर विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे थे लेकिन पुलिस ने तकनीकी सूचनाओं के आधार पर दबिश देकर हनी टइगर और मनीष सैनी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी आचित्य सिंह उर्फ हनी टाइगर थाना श्याम नगर का हिस्ट्रीशीटर जिसके विरुद्ध हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित 11 गंभीर प्रकरण दर्ज हैं। मनीष सैनी थाना मालवीय नगर का हिस्ट्रीशीटर, जिसके खिलाफ हत्या, लूट और रंगदारी जैसे 31 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस इस मामले में पूर्व में ही दो अन्य आरोपियों गौरव कलवानी और प्रतीक नायक को गिरफ्तार कर चुकी है। वर्तमान में पकड़े गए दोनों हिस्ट्रीशीटरों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जहां उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस टीम गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है।

## ईएलसी के माध्यम से आयोजित हुए निर्वाचन साक्षरता उत्सव

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशन में मोहिनी देवी गौरीदत्त सिंगी सरस्वती बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में मंगलवार को निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में निर्वाचन साक्षरता उत्सव का आयोजन किया गया। संस्था प्रधान सरिता शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नोडल प्रभारी मीनू जलंधरा के नेतृत्व में विद्यालय में ईएलसी के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को मतदान के अधिकार एवं उसके महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। उन्होंने छात्राओं को लोकतंत्र में मतदान की भूमिका समझाई तथा उन्हें सक्रिय रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेमेंटो, दुपट्टा आदि देकर सम्मानित किया गया।

## समस्या समाधान शिविर 13 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक शिविर का आयोजन 13 फरवरी को सुबह साढ़े 10 बजे अटल सेवा केन्द्र बैसवा में आयोजित किया जावेगा। कर्नल ब्रिजेन्द्र सिंह महला जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीकर ने बताया कि नजदीकी गावों के समस्त पूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों को सूचित किया जाता है कि वे समस्या समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्या के निदान करावें। सभी पूर्व सैनिकों से निवेदन है कि वे अपने साथ स्पर्श पीपीओ, डिस्चार्ज बुक व बैंक पास बुक साथ लेकर आयें।

## दो संदिग्ध खाताधारक गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** साइबर अपराध के खिलाफ खेतड़ी नगर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए विभिन्न साइबर अपराध संबंधी शिकायतों में संलिप्त दो संदिग्ध खाताधारकों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय आईपीएस के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय देवेन्द्र सिंह राजावत आरपीएस के मार्गदर्शन एवं वृताधिकारी खेतड़ी जुल्फीकार अली आरपीएस के सुपरविजन में थाना अधिकारी राकेश कुमार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने साइबर पुलिस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर बैंकों द्वारा जारी संदिग्ध खाताधारकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को शांति भंग के आरोप में दोनो को गैरसायलान खाताधारकों को गिरफ्तार कर गहन जांच की जा रही है साथ ही खातों को किराये पर देने के संबंध में भी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी बीलवा निवासी सचिन कुमार, गोठड़ा निवासी यश कुमार को गिरफ्तार किया। दोनों के खातों के उपयोग को लेकर साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों की गहनता से जांच की जा रही है। थानाधिकारी ने बताया कि झुंझुनू पुलिस द्वारा साइबर अपराध में संलिप्त खाताधारकों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 328 मरीज लाभान्वित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जयपुर रोड, सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रैवासा ग्राम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रैवासा, बाजौर, हर्ष, मलकेड़ा सहित समीपवर्ती क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, जनरल सर्जन, ईएनटी सर्जन, पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट तथा डेंटल सर्जन की बड़ी विशेषज्ञ टीम द्वारा 328 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में रैवासा सरपंच प्रशासक राजकुमार सैनी, पूर्व सरपंच मदन सैनी, हाजी मकबूल अहमद खत्री, त्रिलोक, हनीफ खत्री, रमजान सिक्का, रफीक सिक्का, हारून खत्री, छाजु भाट, इब्राहिम सिक्का, नूर मोहम्मद, फातमा सहित अनेक गणमान्यजन शरीक हुए।

# जिले में संचालित नशामुक्ति केन्द्रों पर कार्रवाई, तीन केन्द्र बंद

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिले में संचालित अनुज्ञप्तिधारी तथा गैर अनुज्ञप्तिधारी नशामुक्ति केन्द्रों की जांच कर राजस्थान निराव्यसन केन्द्र नियम, 2020 की पालना नहीं करने के कारण कार्यवाही करते हुए कुल तीन नशामुक्ति केन्द्रों को बंद करवाया गया है। एसजेईडी डीडी नगेद्र सिंह ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशन में जांच के दौरान राजगढ़ उपखण्ड अधिकारी राजगढ़, तहसीलदार, थानाधिकारी राजगढ़, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उपनिदेशक तथा बाल अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक द्वारा जिले में संचालित एक अवैध नशामुक्ति केन्द्र तथा दो अनुज्ञप्तिधारी नशामुक्ति केन्द्रों पर कार्यवाही की गई है। इसी क्रम में आगे भी निरीक्षण की कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि इन नियमों के तहत विभाग से अनुज्ञप्ति एवं रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। इन नियमों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के लिए जिले में संचालित वैध और अवैध नशामुक्ति केन्द्रों की जांचध् निरीक्षण करने हेतु जिला कलक्टर द्वारा आदेश जारी कर एक समिति का गठन किया गया है।

### जिले में कुल 6 नशामुक्ति केन्द्र संचालित

उपनिदेशक राठौड़ ने बताया कि वर्तमान में जिले में 6 नशामुक्ति केन्द्र संचालित है, जिनमें से 03 केन्द्रों को राजस्थान निराव्यसन नियम, 2020 के अन्तर्गत विभाग द्वारा अनुज्ञप्ति एवं रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी किया हुआ है तथा 02 नशामुक्ति केन्द्रों द्वारा अनुज्ञप्ति एवं रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु विभाग में आवेदन किया गया है। इनका सभी का निरीक्षण किया गया है। अनुज्ञप्तिधारी राहत नशामुक्ति एवं पुनर्वास समिति राजगढ़ तथा चूरू जिला मुख्यालय पर एलएन मैमोरियल चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा अनुदानित शिवम नशामुक्ति केन्द्र, चूरू द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। विभाग द्वारा नशामुक्ति केन्द्र संचालन दिशा-निर्देश 2024-25 के अन्तर्गत अनुदान दिया जा रहा है। शेष सभी अनुज्ञप्तिधारी नशामुक्ति केन्द्रों को राजस्थान निराव्यसन केन्द्र नियम, 2020 के नियमों का पालन करने के लिए पाबंद किया गया है।

### नशा मुक्ति केंद्र हेतु निर्धारित प्रक्रिया

नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि राज्य में स्वापक औषधी और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 78 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नशे से ग्रसित व्यक्तियों का पुनर्वास कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार द्वारा नशामुक्ति केन्द्रों की न्यूनतम मापदण्डों को सुनिश्चित करते हुए राजस्थान निराव्यसन केन्द्र नियम, 2020 लागू किए गए हैं। इन नियमों की पूर्ण पालना सुनिश्चित किए जाने हेतु सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा नशामुक्ति केन्द्रों को अनुज्ञप्ति एवं रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी किए जाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में लागू राजस्थान निराव्यसन केन्द्र नियम, 2020 के तहत नशामुक्ति केन्द्रों के संचालन के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग निदेशालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन करना होता है। आवेदन के साथ केन्द्र के भवन का नक्शा, मालिकाना हक, किरायानामा, भवन में मरीजों, परामर्शदाता, चिकित्सा आदि हेतु अलग-अलग व्यवस्था, आवश्यक पलंग व अन्य सामग्री की उपलब्धता, भवन में सीसीटीवी कैमरे लगे होना, केन्द्र में कार्यरत मूल स्टाफ चिकित्सक और नर्स मान्यता प्राप्त संस्था से निराव्यसन उपचार में प्रशिक्षण प्राप्त एवं मनोचिकित्सक के अधीन तीन माह का कार्य अनुभव प्राप्त करने का विवरण, केन्द्र में उपचार प्रोटोकॉल में स्थापित और साक्ष्य आधारित चिकित्सा पद्धति और समय समय पर समर्थित अपहानि न्यूनीकरण पद्धति को सम्मिलित करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन, भारत सरकार, भारतीय मनोविज्ञान सोसायटी द्वारा प्रकाशित मार्गदर्शक सिद्धांतों का पालन करने का शपथ पत्र, केन्द्र में आपातकालीन सुविधाओं से संबंधित दस्तावेज-फोटोग्राफ्स, दो योग्यताधारी सामाजिक कार्यकर्ता/परामर्शदाता तथा अन्य कार्यरत स्टाफ का पुलिस सत्यापन संबंधित दस्तावेज आदि अन्य अपेक्षित दस्तावेजों के साथ ऑफलाईन आवेदन कर विभाग से अनुज्ञप्ति-एवं-रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

## गोष्ठियों-प्रशिक्षणों से कृषकों को खाद, उर्वरकों के उपयोग के बारे में करें जागरूक : सुराणा




निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार आपणी योजना में कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि विपणन विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि विभागीय योजनाओं में प्राप्त लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करवाएं। जिले में फार्म पौण्ड एवं तारबन्दी योजना सहित फ्लैगशिप योजनाओं के लक्ष्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने हेतु कार्ययोजना बनाकर काम करें, जिससे जिले की रैंकिंग में सुधार हो सके। प्रत्येक ब्लॉकवार तथा कृषि पर्यवेक्षक वार योजनाओं की क्रियान्विति की मॉनीटरिंग की जाए तथा अपेक्षित प्रगति लाएं। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि कृषक गोष्ठियों एवं प्रशिक्षणों द्वारा कृषकों को मृदा में ऑर्गेनिक कार्बन बढ़ाने हेतु सुपर कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट खाद, हरी खाद एवं गोबर की खाद के उपयोग के बारे में जागरूक करें। इसी के साथ किसानों व पशुपालकों को सुपर कम्पोस्ट इकाई एवं वर्मी कम्पोस्ट इकाई बनाने हेतु प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि जिले की लगभग समस्त क्षेत्र की मृदा में जिंक व फेरस जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी पाई गई है। इसलिए कृषकों को अपने खेत की मृदा की जांच मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में करवाकर प्राप्त सॉयल हैल्थ कार्ड में दिए गए सुझाव के अनुसार संतुलित मात्रा में उर्वरक एवं सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे जिंक सल्फेट एवं फैरस सल्फेट आदि के उपयोग हेतु प्रशिक्षण दिया जाए। कृषि विस्तार संयुक्त निदेशक कैलाश चन्द्र ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति तथा विभागीय कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान उद्यानिकी उपनिदेशक डॉ धर्मवीर डूडी, सहायक निदेशक कुलदीप शर्मा, कविता सहित अन्य मौजूद रहे।

## ग्राम उत्थान शिविरों से लाभान्वित हुए ग्रामीण, जताया आभार

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल से जिले में आयोजित ग्राम उत्थान शिविरों से अनेक ग्रामीण लाभान्वित किये गये। जिले के गिरदावर सर्किल में 23 जनवरी से ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन प्रारम्भ है। इन शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सहित संबंधित विभागों की सहभागिता से कृषकों एवं पशुपालकों सहित ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभान्वित किया गया। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के निर्देशन में शिविर सफलतापूर्वक संचालित हुए।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक के अनुसार अभी तक जिले में आयोजित शिविरों में 2683 किसानों को कृषि विभाग की तारबंदी के आवेदनों के वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। इसी तरह 3335 किसानों को फार्म पोंड के आवेदनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी, 2621 को पाईप लाईन, 20422 को फसल बीमा योजना, 173 को बैलों से खेती योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि के आवेदनों की वर्तमान स्थिति की जानकारी, 19194 को समर्थन मूल्य की जानकारी, 25044 को कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही 5203 किसानों में मिनी किट वितरण का सत्यापन और 3111 में बीज वितरण का सत्यापन किया गया। शिविर में अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ.साथ 2971 सॉयल हैल्थ कार्ड का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि उद्यानिकी विभाग द्वारा फव्वारा, ड्रिप, प्लास्टिक मल्च इत्यादि योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विपणन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना की जानकारी दी गई। सहकारिता विभाग द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि, गैर कृषि 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना, नए कस्टम हायरिंग सैटर के आवेदन तैयार करवाने की जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग द्वारा 26771 पशुओं को प्राथमिक चिकित्सा करते हुए कृमिनाशक औषधि पिलाई। उन्होंने बताया कि फीवर रोग टीकाकरण, 123पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान व 878 फर्टीलिटी किट का भी वितरण किया गया। गौशाला विकास योजना की जानकारी दी गई। मत्स्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का प्रचार-प्रसार किया गया।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** सीकर जिले के आमजन व समस्त विभागों के कार्मिकों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिए प्रेरित करनें के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र सीकर व सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग सीकर के द्वारा डिजिटल सुरक्षा, जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार और साइबर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, स्कूलों एवं महाविद्यालयो में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। एनआईसी के जिला विज्ञान एवं सूचना अधिकारी सोमेंद्र पूनिया ने बताया कि आज के समय में इंटरनेट शिक्षा, संचार और व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साइबरबुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, गोपनीयता हनन और गलत सूचना के बढ़ते मामलों को देखते हुए, यह आवश्यक हो गया है कि लोगों को सुरक्षित और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग के बारे में शिक्षित किया जाए। उन्होंने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस का उद्देश्य छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन नैतिकता और डिजिटल नागरिकता पर जागरूकता, जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग को प्रोत्साहित करना है,



साथ ही लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबरबुलिंग और डेटा उल्लंघनों को पहचानने और रोकने में मदद करना है।

## हास्य कवि केशरीमल उर्फ केशव देव मारवाड़ी की सड़क हादसे में मौत

निसं

**रींगस (नवयत्न)।** सभी को हंसाने वाले हास्य कवि केसर देव मारवाड़ी सभी को रुला गए, उनकी मौत से साहित्य जगत और शिक्षा क्षेत्र में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार कस्बे रींगस के एनएच-52 आरएसडब्ल्यूएम के सामने सोमवार देर रात करीबन 1 बजे प्रसिद्ध हास्य कवि केशरीमल उर्फ केशव देव पुत्र गोविंद राम प्रजापत निवासी लाडनूं हाल मुरलीपुरा जयपुर अपनी पत्नी चंदा देवी के साथ रतनगढ़ शादी समारोह से वापस जयपुर लौट रहे थे। उसी दौरान रींगस में अचानक नींद की झपकी आने से सड़क किनारे खड़े ट्रक से उनकी कार टक्करा गई। हादसा इतना भयानक था कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस से केशव देव को रींगस के राजकीय उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया जिसके बाद उनके शव को मोर्चरी में रखवाया। बड़े भाई बेग्गाराम प्रजापत ने बताया कि मृतक केसर देव मारवाड़ी वर्तमान में जयपुर के झोटवाड़ा स्थित एक सरकारी स्कूल में शिक्षक के रूप



में कार्यरत थे। वे अपनी हास्य कविताओं और मंचीय प्रस्तुतियों के लिए प्रदेश सहित देश भर में जाने जाते थे। केशव देव 6 भाइयों में तीसरे नंबर पर थे, उनके भाई बेग्गाराम प्रजापत ने बताया कि घर में सबके लाडले थे, सबको हंसा हंसाकर लोटपोट कर देते थे।

**परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल**-बेग्गाराम प्रजापत ने बताया कि उनका अचानक चले जाना हम सबके लिए सबसे बड़ा आघात है।

उनके आकस्मिक निधन से साहित्य जगत और शिक्षा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। केशर देव की दो बेटियां दिव्या व भव्या हैं, सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परीजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190